


MPHIN/2021/83938

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 338 | ग्वालियर , 3 अक्टुबर मंगलवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## चुनाव से पहले बीजेपी में द्वंद्व की स्थिति, सीएम शिवराज ने दुखी मन से कहा, मैंने सरकार नहीं चलाई...



*भारतीय जनता पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा. केंद्रीय नेतृत्व में विधानसभा चुनाव की कमान पूरी तरह से अपने हाथों में ले रखी है. इसका उदाहरण भी केंद्रीय बीजेपी द्वारा जारी की जा रही विधानसभा प्रत्याशियों की सूची में साफ तौर पर देखा जा रहा है. अब तक बीजेपी ने तीन केंद्रीय मंत्रियों सहित चार सांसदों को विधानसभा का टिकट दिया है. अगले चुनाव में सीएम शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर लड़ा जाएगा या नहीं यह भी स्पष्ट नहीं है. दिल्ली से जारी इस उठापटक का दर्द रविवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान की जुबां पर भी आ गया है. सीएम शिवराज ने कहा, मेरी बहना, ऐसा भैया मिलेगा नहीं, मैं चला जाऊंगा तब याद आऊंगा तुम्हें. यह बात बुदनी विधानसभा के लाड़कुई में कार्यक्रम में शामिल होने आए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को संबोधित करते हुए कही. शिवराज सिंह चौहान ने कहा, बहनों मैंने सरकार नहीं परिवार चलाया है. मेरे नहीं रहने पर मैं बहुत याद आऊंगा. मुख्यमंत्री ने आगे कहा, मेरे लिए राजनीति का मतलब जनता की सेवा है. आमजन को उनके दुख-तकलीफों से दूर करके उनकी जिंदगी को बेहतर बनाना मेरा उद्देश्य है. हर परिवार में एक व्यक्ति के पास रोजगार हो, यह हमारा लक्ष्य है. सीएम शिवराज सिंह चौहान ने इस मौके पर अपने हाथों से तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाएं पहनाईं. कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज सिंह चौहान ने अब तक की सभी योजनाएं भी गिनाईं.*

# 6 लोगों की हत्या से दहला यूपी का देवरिया

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में जमीन के एक टुकड़े के पुराने विवाद में 6 लोगों की हत्या कर दी. वारदात के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. इस हत्याकांड को रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार सुबह अंजाम दिया गया. जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत 6 लोगों की जान चली गई. जानकारी के मुताबिक, रुद्रपुर कोतवाली के फतेहपुर के लेहड़ा टोला में जमीन विवाद में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई.

प्रेम यादव की हत्या से गुस्साई भीड़ ने ने आरोपी पक्ष सत्यप्रकाश दुबे के घर पर धावा बोल दिया. धारदार हथियार और असलहों से लैस भीड़ ने पति-पत्नी, दो बेटी और एक बेटे को मार डाला. इस घटना में एक बेटा गंभीर रूप से घायल भी हो गया. सूचना मिलते ही जिले के आधे दर्जन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई. हत्याकांड के बाद डीएम और एसपी समेत तमाम अधिकारी हालात को संभालने में लगे हैं. बता दें कि रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर ग्राम पंचायत के लेहड़ा टोले में सत्य प्रकाश दुबे अपने परिवार



के साथ रहते थे. उनका गांव के ही अभयपुरा टोले के रहने वाले पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव के लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था. ये जमीन सत्य प्रकाश दुबे के घर के पास है. सोमवार सुबह प्रेम यादव यहां पहुंचे थे. तभी दोनों के बीच कहासुनी हो गई. ये कहासुनी इतनी बढ़ गई कि धारदार हथियार से प्रेम यादव की हत्या कर दी गई. उसके बाद गुस्साए लोगों ने सत्य प्रकाश दुबे के घर पर हमला बोल दिया. उसके बाद उन्होंने घर में जो मिला उसे मारना शुरू कर दिया. असलहे से लैस भीड़ ने फायरिंग करते हुए धारदार हथियार से सत्य प्रकाश की हत्या कर दी. उसके बाद भीड़ घर में घुस गई और उनकी पत्नी किरण, बेटी शलोनी (18), नंदनी (10) और बेटा गांधी (15) को भी मौत के घाट उतार दिया. जबकि एक बेटा अनमोल (8) गंभीर रुप से घायल हो गया. इस घटना के बाद पूरे गांव में चीख पुकार मच गई. हत्याकांड की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए. सीएम योगी ने भी इस हत्याकांड पर दुख जताया.

# कच्चे तेल की तेजी से चालू खाता घाटा, रुपया दबाव में

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में देखने को मिला है, जिससे भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) बढ़ने और आने वाले समय में रुपये पर और अधिक दबाव की आशंका बढ़ गई है। देश अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है और वैश्विक कीमतों में किसी भी वृद्धि से आयात खर्च बढ़ जाता है। चूंकि कच्चा तेल खरीदने के लिए बड़ा भुगतान डॉलर में करना पड़ता है, इसलिए अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया कमजोर होता है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, बेंचमार्क वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड जुलाई-सितंबर की तिमाही में 29 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद सोमवार को 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जो लगभग दो दशकों में सबसे बड़ी तीसरी तिमाही बढ़त है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड पहले से ही 95 डॉलर प्रति बैरल के आसपास मँडरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण डॉलर की मांग बढ़ने से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा 83 रुपये के निचले स्तर पर आ गई है।

पिछले सप्ताह जारी आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाता घाटा



(सीएडी) अप्रैल-जून तिमाही में सात गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि इससे पहले की तिमाही में यह आंकड़ा 1.3 अरब डॉलर था। तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी और वैश्विक बाजारों में मांग में गिरावट के कारण निर्यात में कमी आई है जिससे इसके और बढ़ने की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए कैड जीडीपी का 1.1 प्रतिशत था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, तेल की ऊंची कीमतों, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण जुलाई-सितंबर तिमाही में सीएडी का पर्याप्त विस्तार जीडीपी के 2.4 प्रतिशत तक हो जाएगा। आरबीआई रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में डॉलर जारी कर रहा है, लेकिन इससे भारतीय मुद्रा की गिरावट को रोका नहीं जा सका है। इससे सितंबर में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट आई है। आरबीआई द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि 22 सितंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह गिरकर 590.7 अरब डॉलर के चार महीने के निचले स्तर पर आ गया। तीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 8.2 अरब डॉलर घट गया है। विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट चिंता का कारण है क्योंकि आरबीआई के पास अपने बाजार हस्तक्षेप के माध्यम से रुपये में अस्थिरता रोकने के लिए कम गुंजाइश बची है।




## हमारी लड़ाई जम्मू-कश्मीर में आम आदमी के दिल से डर हटाने के लिए हैः स्पेशल डीजी सीआईडी

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर के विशेष महानिदेशक (सीआईडी) आर.आर. स्वैन ने सोमवार को कहा कि स्थानीय पुलिस बल की लड़ाई आम नागरिक के दिल और दिमाग से डर को दूर करने के लिए है। यहां एक आधिकारिक समारोह के मौके पर मीडिया से बात करते हुए विशेष महानिदेशक ने कहा, जम्मू-कश्मीर पुलिस आम आदमी के दिल और दिमाग से डर को खत्म करने की कोशिश कर रही है। हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ हमारी लड़ाई पूरी तरह से आम जनता के लिए है। हिंसा को बढ़ावा देने वाले लोगों से लड़ने के लिए ज्यादा साहस की जरूरत होती है और वह जम्मू-कश्मीर पुलिस में है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के सामने चुनौतियां अन्य सुरक्षा बलों के सामने आने वाली चुनौतियों से काफी अलग हैं। स्वैन ने कहा, हमारी लड़ाई एक छोटे किसान, एक वकील, एक खतीब, एक छोटे पत्रकार या उस मामले में एक आम आदमी के लिए है जो कानून का सम्मान करता है और उसका पालन करता है।

# 10 घंटे में पूरा होगा दिल्ली से वडोदरा का सफर

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी आज राजस्थान और मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं. इस दौरान पीएम मोदी ग्वालियर में दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे. बता दें कि ये एक्सप्रेसवे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का दूसरा खंड का. दूसरे खंड के शुरू होने से दिल्ली और वडोदरा के बीच का सफर मात्र 10 घंटे में पूरा किया जा सकेगा. जो इस मार्ग पर चलने वाली सबसे तेज ट्रेन के समय से भी कम है. वर्तमान में दिल्ली और वडोदरा के बीच सबसे तेज चलने वाली ट्रेन मुंबई सेंट्रल तेजस राजधानी है, जो 10.45 घंटे में दोनों शहरों के बीच की दूरी तय करती है. जबकि अन्य ट्रेनें इस सफर को पूरा करने में 12 से 15 घंटे तक का वक्त लेती हैं.



दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का दूसरा खंड शुरू होने के बाद दिल्ली और वडोदरा का सफर सिर्फ 10 घंटे में पूरा होगा. ये एक्सप्रेसवे सोहना, दौसा, लालसोट सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम दाहोद और गोधरा से होकर गुजरेगा. बता दें कि इस सफर को पूरा करने के लिए पहले 18-20 घंटे का वक्त लगता था. बता दें कि वर्तमान में दिल्ली से वडोदरा जाने के लिए लोग दो राजमार्गों का इस्तेमाल करते हैं. जिसमें पहला जयपुर, भीलवाड़ा और उदयपुर की ओर से तो वहीं दूसरा राजमार्ग लक्ष्मणगढ़, लालसोट और कोटा की ओर से होते हुए गुजरता है. जयपुर-उदयपुर मार्ग थोड़ा छोटा है जिसके चलते यहां से दिल्ली-वडोदरा के बीच 17 घंटे का समय लगता है. बता दें कि पुराने राजमार्ग पर दोनों शहरों के बीच की दूरी करीब 1000 किमी से ज्यादा थी, लेकिन नए एक्सप्रेस-वे के शुरू होने के बाद इसकी दूरी कम होकर सिर्फ 845 किमी रह जाएगी. जानकारी के मुताबिक, दिल्ली-वडोदरा एक्सप्रेस-वे को बनाने में करीब 11,895 करोड़ रुपये का खर्च आया है. वहीं इस एक्सप्रेस वे से दिल्ली से मुंबई जाने पर सिर्फ 12 घंटे का समय लगेगा. जिसे पूरा करने में अभी 24 घंटे से ज्यादा का वक्त लगता है. गौरतलब है कि 1,386 किमी लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का काम फरवरी 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा. ये एक्सप्रेसवे (दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे) दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र को आपस में जोड़ेगा. इस एक्सप्रेसवे को बनाने में करीब एक लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा. इस एक्सप्रेसवे से दिल्ली और मुंबई के बीच यात्रा का समय आधा होकर 12 घंटे हो जाएगा, साथ ही इससे दोनों शहरों के बीच की दूरी भी 200 किमी कम हो जाएगी. बता दें कि 246 किलोमीटर लंबे सोहना-दौसा-लालसोट खंड का उद्घाटन 12 फरवरी को किया गया था. जिसे 12,150 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है. इसके चालू होने से दिल्ली और जयपुर के बीच का सफर सिर्फ तीन से साढ़े तीन घंटे में पूरा होगा. जो फिलहाल 5 घंटे का है.



# उत्तर प्रदेश सरकार का दावा, बाढ़ प्रभावित जिलों में कोई भूखा नहीं सोया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कोई भूखा नहीं सोया है। इसके अलावा जनहानि भी काफी कम हुई है। जानकारी के अनुसार अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी। साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं, 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है। इनमें ज्यादात्तर इलाके पश्चिमी, मध्य और बुंदलेखंड के जिले शामिल हैं। 31 जिलों में सामान्य यानी 80 से 40 प्रतिशत बारिश हुई है। प्रदेश के 7 जिलों में सामान्य से कम यानी 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है। राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने से पहले ही बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की थी। बैठक में उन्होंने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनमानस और मवेशियों को हर संभव मदद देने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिये थे। प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित 37 जनपदों में राहत कार्यों के चलते जन हानि काफी कम रही। राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि प्रदेश के 37 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। इनमें से 34 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे। प्रदेश के 20 जिले अत्यधिक बाढ़ प्रभावित रहे, जहां पर युद्धस्तर पर राहत कार्य किए गए। इन 20 जिलों में पश्चिम यूपी के 14 जिले मुजफ्फनगर, बिजनौर, फर्रुखाबाद, सहारनपुर, आगरा, अमरोहा, मेरठ, बागपत, मथुरा, शामली, बदायूं, गौतमबुद्धनगर, शाहजहांपुर और गाजियाबाद शामिल हैं।

# पीएम मोदी, मल्लिकार्जुन खरगे समेत इन राजनेताओं ने किया बापू को नमन, राजघाट पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** राष्टपिता महात्मा गांधी की आज (2 अक्टूबर) 154वीं जयंती है. बापू के जन्मदिन पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है. इस मौके पर दिल्ली में राजघाट पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जहां राष्टपति, उपराष्टपति, प्रधानमंत्री, उपराष्टपति, लोकसभा अध्यक्ष समेत तमाम राजनेता बापू को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी बापू के श्रद्धांजलि देने के लिए राजघाट पहुंचे. राष्टपिता के जन्मदिन के मौके पर देशभर में स्वच्छता अभियान भी चलाया जा रहा है. बता दें कि बीते दिन (रविवार) पीएम मोदी से लेकर बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ-साथ तमाम केंद्रीय मंत्रियों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने की पहल की. वहीं, आज गांधी जयंती के मौके पर विपक्ष भी बड़ा प्रदर्शन करने जा रहा है.

गांधी जयंती के मौके पर राष्टपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्टपति जयदीप धनखड़ भी राजघाट पहुंचे और बापू की समाधि पर श्रद्धांजलि दी. इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी गांधीजयंती के अवसर पर राजघाट पहुंचे और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी गांधी जयंती के मौके पर राजघाट पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित दी. गांधी जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्टपति महात्मा



गांधी को याद किया. उन्होंने एक्स पर लिखा, गांधी जयंती के विशेष अवसर पर मैं महात्मा गांधी को नमन करता हूं. उनकी कालजयी शिक्षाएं हमारा पथ आलोकित करती रहती हैं. महात्मा गांधी का प्रभाव वैश्विक है, जो संपूर्ण मानव जाति को एकता और करुणा की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है. हम सदैव उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में काम करते रहें. उनके विचार हर युवा को उस बदलाव का वाहक बनने में सक्षम बनाएं जिसका उन्होंने सपना देखा था, जिससे सर्वत्र एकता और सद्भाव को बढ़ावा मिले. 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के साथ पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती है. पीएम मोदी ने लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए ट्वीट कि, ÷लाल बहादुर शास्त्री जी को उनकी जयंती पर स्मरण. उनकी सादगी, राष्ट के प्रति समर्पण और जय जवान, जय किसान का प्रतिष्ठित आह्वान आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है. भारत की प्रगति के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और चुनौतीपूर्ण समय में उनका नेतृत्व अनुकरणीय है. हम सदैव सशक्त भारत के उनके दृष्टिकोण को साकार करने के लिए कार्य करते रहें. उधर गांधी जयंती के मौके पर विपक्षी गठबंधन इंडिया मुंबई में मैं भी गांधी नाम से शांति मार्च निकालने जा रहा है. जिसमें कई बड़े नेता शामिल होंगे. वहीं तृणमूल कांग्रेस दो दिनों तक दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगी. इससे पहले टीएमसी सांसद और महासचिव अभिषेक बनर्जी की अगुवाई में पार्टी नेता राजघाट और फिर अगले दिन यानी मंगलवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे.

# रजक समाज के प्रादेशिक सम्मेलन में बोले कमलनाथ का वचन कांग्रेस की सरकार बनते ही, भोपाल, सीहोर, रायसेन से रजक समाज का क्षेत्रीय बंधन करेंगे समाप्त

**आर एस रजक**
**पुष्पजलि टुडे**

विगत दिवस म.प्र.की राजधानी भोपाल में रजक समाज समन्वयक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष संजय मालवीय के द्वारा रजक समाज का एक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार कन्नौजिया मुंबई के आवाहन पर सम्पूर्ण म.प्र.के ॄक्चछ्वरूके हजारों कार्यकर्ता व रजक समाज बंधु कार्यक्रम में भोपाल पहुंचे और स्वयं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार कन्नौजिया भी अल सुबह मुंबई भोपाल फ्लाइट से राजा भोज एयरपोर्ट पहुंचे जहा युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष मनीष रजक के नेतृत्व में ॄक्चछ्वरूके कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पहार से स्वागत कर कार्यक्रम स्थल पर उन्हें ले जाया गया जहा पूरे प्रदेश से उपस्थित हुए रजक समाज बंधुओं के एवं म.प्र.के पूर्व मुख्यमंत्री व म.प्र. कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी के समक्ष रजक समाज की पीड़ा एक सूत्रीय मांग एक समान अनुसूचित जाति का अधिकार प्रदान करने हेतु मंच से अवगत कराया गया और कॉग्रेस की सरकार बनने राजस्थान के अजमेर जिले की तरह ही 1976 के ह्यष ह्यह्ल



गजट का पालन कर भोपाल,सीहोर, रायसेन से राज्य के अधिकार क्षेत्र में आने वाले क्षेत्रीय बंधन को समाप्त कर म.प्र.के रजक समाज को सम्पूर्ण प्रदेश में एक समान अनुसूचित जाति का दर्जा प्रदान करने की मांग रजक समाज का मुखिया होने की जिम्मेदारी से रखी। म.प्र.के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मंच से ही राष्ट्रीय कृष्ण कुमार कन्नौजिया जी की मांग को स्वीकार करते हुए कॉग्रेस के वचन पत्र 2023 में में रजक समाज की मांग शामिल करने और म.प्र.में कॉग्रेस की सरकार बनते ही भोपाल, सीहोर,रायसेन से 20 सितंबर 1976 के स्ष्ट,स्ञ्ज संशोधित गजट का पालन कर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने अधिकार का उपयोग कर रजक समाज का भोपाल ,सीहोर,रायसेन में लगे क्षेत्रीय बंधन राजस्थान के अजमेर जिले में लगे क्षेत्रीय बंधन की की तरह समाप्त किया जाएगा। यह कमलनाथ का म.प्र.की रजक समाज को वचन है और कमलनाथ कभी भी शिवराज सिंह की तरह झूठे वचन और झूठे भाषण नहीं देता रजक समाज के इस महासम्मेलन में युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनीष रजक के नेतृत्व में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार वास्त्री,प्रदेश महामंत्री कैलाश रजक ,नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष रामसिंह रजक,दिवाकर आखरे सहित गुना जिले से एवं प्रदेश भर से हजारों की संख्या में रजक समाज बंधु उपस्थित रहे।



## पांच बहनों का इकलौते भाई ने की अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत अहीर मौहल्ला निवास एक कॉलेज स्टूडेंट राधे पुत्र रामहेत कुशवाह उम्र 19 वर्ष ने सोमवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक ने जब फांसी लगाई उस समय घर पर कोई नहीं था। बाद में जब परिजनों को घटना का पता चला तब परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। युवक को फांसी के फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक पांच बहनों का इकलौता भाई था। युवक ने आत्महत्या क्यों की है फिलहाल इसका पता नहीं चला है। पुलिस ने सुसाइड के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू है।

## वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ी सेवा: कलेक्टर

### मंगलम शिवपुरी में वृद्धजनों को कलेक्टर ने किया सम्मानित, शॉल श्रीफल देकर के उनका किया सम्मान



**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** वृद्धजनों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है, सेवा के लिए मन में भाव होना चाहिए। बुजुर्गों का आशीर्वाद हमारे जीवन में आवश्यक है। यह बात कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने मंगलम शिवपुरी में वृद्धजनों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर मंगलम में वृद्धजनों के सम्मान समारोह के दौरान वृद्धजनों का सम्मान किया गया। इस मौके पर कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने सभी वृद्धजनों को माला पहनकर शॉल श्रीफल के साथ उनका सम्मान किया। वृद्धजन के सम्मान के साथ-साथ वृद्ध आश्रम में सेवा करने वाले प्रबंधक विवेक काले और राखी सेन का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर मंगलम के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ गोविंद सिंह, सचिव राजेंद्र मजेजी, उपाध्यक्ष बासित अली, दीपक गोयल, एसकेएस चौहान, राजीव श्रीवास्तव, हरिओम अग्रवाल, रंजीत गुप्ता, राजेश सिंघल, पूर्व सीएमओ रामनिवास शर्मा, पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सक्सेना सहित पेंशनर्स एसोसिएशन से जुड़े हुए सीनियर सिटीजन, मंगलम के डायरेक्टरगण और सदस्यगण, डीडीआरसी के संजीव भार्गव, विकास शर्मा और वृद्ध आश्रम के वृद्धजन मौजूद रहे।

## काव्य गोष्ठी के साथ हुआ बुजुर्गों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण

### धर्म परिवार ने धार्मिक उत्सवों को भव्य बनाया है- डॉ. सी.बी.शुक्ला





**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार ने धार्मिक उत्सवो को सदैव भव्य रूप देने एवं सामाजिक एकता को बढ़ाने का कार्य किया है जिसके लिये उनको साधुवाद है एवं मैं सदैव उनका पूरा सहयोग करता रहूँगा। मुख्य अतिथि डॉ. सी.बी. शुक्ला ने यह सारगर्भित उद्गार रेडक्रास वृद्धाश्रम सभागार स्वागत भवन में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस एवं श्री गणेशोत्सव के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेडक्रास चेयरमैन डॉ0 प्रभाकर चतुर्वेदी ने वृद्धाश्रम के चार बुजुर्गो का सम्मान करके अपनी बात रखी और रेडक्रास से मिलकर सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के साथ समाज को उत्कृष्ट बनाने का आव्हान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाज सेवी डॉ0 के0के0 परौहा, हास्य व्यंग्य कवि घनश्याम बेलानी कटनी, डॉ0 सुशील त्रिपाठी शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत युवा शाखा संरक्षक संजय तिवारी मुन्नू, युवा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी एवं राजेश साहू ने किया। स्वागत उदबोधन महासचिव सुरेश विश्नोई ने किया तथा आभार प्रदर्शन संरक्षक सुनील अग्रवाल ने किया, मंच संचालन वरिष्ठ कवि उमेश मिश्रा विहान ने किया। कार्यक्रम में सुरेन्द्र मिश्रा भितरी को धर्मपरिवार का उपाध्यक्ष घोषित किया गया।

इस अवसर पर बघेली सेवा मंच के अध्यक्ष भृगुनाथ पाण्डेय भ्रमर ने कटनी से पधारे घनश्याम बोलानी, हास्य कवि कमल किशोर मिश्र कमल एवं रामसुन्दर द्विवेदी का शाल श्रीफल से सम्मान किया। आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी, अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू, सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डू एवं कोषाध्यक्ष श्रीप्रकाश तोमर एड. के मार्गदर्शन में आयोजित काव्य गोष्ठी में रामृष्ण द्विवेदी, अमित द्विवेदी ने भी काव्य पाठ कर वाहवाही लूटी। धर्मपरिवार द्वारा श्री गणेशोत्सव 2023 में पुरस्कारो में अमहिया के राजा, विंध्य के राजा, प्रेमनगर के राजा, रतहरा के राजा के साथ महाराष्ट मंडल सर्राफा को बेस्ट ट्राफी प्रदान की गई एवं शामिल ग्यारह श्री गणेश समितियों को सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये तथा अगले वर्ष श्री गणेश शोत्सव को विराट रूप देने का संकल्प लिया गया।




## सीएमएचओ के निरीक्षण के दौरान चचाई पीएचसी का स्टाफ रहा नदारत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

रीवा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रीवा डॉ. केएल नामदेव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर और जवा का औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चचाई में पूरे कर्मचारी नदारत रहे मरीज भगवान भरोसे उपचार करा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नामदेव ने खंड चिकित्सा अधिकारी को नदारत पाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरमौर में बैठक आयोजित कर आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत आयोजित किये जाने वाले स्वास्थ्य मेला का प्रचार प्रसार कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत आभा आईडी तथा पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। सभी अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय में निवास करें अन्यथा उनकी वेतन रोकी जायेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जवा में सीएमएचओ ने बीएमओ को समस्त कार्यक्रमों का शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जवा और सिरमौर आकांक्षी ब्लॉक होने के कारण समस्त कार्यक्रमों में पूर्ण उपलब्धि प्राप्त की जाये।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर वैश्य महासम्मेलन द्वारा निकाली गई विशाल वाहन रैली



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। रैली के विषय में जानकारी देते हुए वैश्य महासम्मेलन के युवा इकाई अध्यक्ष बंसीलाल साहू ने बताया की वैश्य चेतना बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया रैली शहर के बैजू धर्मशाला से प्रारंभ हुई जो शहर के खन्ना चौराहा घोड़ा चौराहा प्रकाश चौराहा होते हुए शिल्पी प्लाजा कॉलेज चौराहा सिरमौर चौराहा होते हुए गल्ला मंडी से गांधी स्मारक अस्पताल गांधी जी की प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पण कर के रैली का समापन हुआ और शहर के सभी मार्गों पर समाज के द्वारा बीच-बीच में पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर खुशी मनाया महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती के अवसर पर अतुल जैन ने कहा कि गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे और बिना हिंसा किये भारत को आजाद कराया पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि त्याग और समर्पण स्वतंत्र रूप से सांस ले पा रहे हैं।मनीष गुप्ता जी ने कहा कि स्वच्छता ही गांधी जी पर शिक्षक की बधाई है के के गुप्ता ने कहा कि गांधी जी शास्त्री जी हमारे




की परिभाषा थे गांधी जी जिला अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने अपना संपूर्ण जीवन देश को समर्पित कर दिया जिस कारण आज हम समाज के धरोहर है उनके जयंती पर ऐसे आयोजन सदैव होते रहना चाहिए जिला महामंत्री संजय गुप्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने की सलाह दी एवं उनके जयंती के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया संजय गांधी स्मारक चिकित्सालय में पहुंचकर महात्मा गांधी जी को पुष्प अर्पित किया गया तदउपरांत फल मिठाई वितरण किया गया कार्यक्रम उपरांत स्वल्पाहार कर सभी लोगों ने एक दूसरे को महात्मा गांधी जयंती की बधाई दी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता,संभागीय अध्यक्ष अतुल जैन, जिला अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष युवा सुमित गुप्ता,नगर अध्यक्ष लव कुश गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष बंसीलाल साहू, जिला महामंत्री सुरेश गुप्ता, जिला महामंत्री संजय गुप्ता,महिला प्रदेश मंत्री कल्पना गुप्ता,संभागीय अध्यक्ष पूर्व महापौर ममता गुप्ता,जिला अध्यक्ष प्रतिभा ताम्रकार,सरस्वती गुप्ता,वंदना गुप्ता,नगर अध्यक्ष मोहित गुप्ता,नगर प्रभारी कन्हैया गुप्ता, पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता, रंजन गुप्ता, राकेश गुप्ता श्री कृष्ण गुप्ता दीपक गुप्ता ,सुनील अग्रवाल, सुनील गुप्ता रमाकांत पुरवार,निक्की मोदनवाल आशीष गुप्ता, रामदयाल साहू ,मोनू साहू ,छात्र संघ अध्यक्ष स्वप्निल साहू, जयकरण साहू,अनिल साहू,बबलू साहू ,जितेंद्र शाह केशव,संतोष साहू ,सचिन साहू ,रोहित साहू, रामप्रसाद साहू, लवकुश साहू ,अतिशय जैन, महिला शक्ति, राजमती गुप्ता, शशि गुप्ता, श्वेता गुप्ता, रजनी गुप्ता, साधना गुप्ता, रेखा गुप्ता, प्रेमचंद जैन राही, मुकेश जैन, गुलाब गुप्ता नितेश जैन, जितेन्द साहब, प्रदीप जैन,राजेश साहू अरुण सेन हरीश हलवाई संजू हलवाई विनोद गुप्ता संदीप गुप्ता अंशुमन गुप्ता निलेश गुप्ता देवेश गुप्ता अभिषेक जैन, गोलू जैन, अमित जैन, आकाश जैन, सैफी जैन, विरन साहू मोनू जैन,राजेश जैन नीरज गुप्ता कैलाश गुप्ता सुधीर गुप्ता लव कुश साहू श्रीनिवास गुप्ता सिद्धार्थ श्रीवास्तव साकेत श्रीवास्तव अंबर निगम प्रमोद साहू महेंद्र गुप्ता अमित साहू रवि करण गुप्ता आर्मी सोनी मनोज प्रधान सिब्बू सोनी शिबू गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# अजाक्स संघ जिला दमोह के मिलन समारोह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों व महिलाओं का सम्मान किया गया

पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी में बताया कि, अजाक्स संघ मात्र कर्मचारी नहीं बल्कि समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के हक व अधिकारों के लिए संघर्ष करता है, विगत माह प्रांतीय अधिवेशन में माननीय जे एन कांसोटिया प्रांतीय अध्यक्ष महोदय ने अपने वक्तव्यों में कहा था कि, एक बड़े संघर्ष के लिए चिंतन जरूरी है, और चिंतन चाय पीते-पीते या सामूहिक भोजन के दौरान बृहद चिंतन किया जा सकता है ।जिसके परिणाम स्वरूप संघर्ष कर अधिकार निश्चित प्राप्त किये जा सकते है। दमोह में स्थानीय संघर्ष लगातार जारी है, जिसमें प्राथमिकता से अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के युवाओं के स्थाई रोजगार के लिए जिसमें बैकलॉग के 1437 पदों पर भर्ती कराने का टारगेट है।इसके लिए सभी विभागों का रोस्टर निर्धारण जरूरी है दमोह में अजाक्स के लगातार संघर्ष से कुछ विभागों का वैधानिक तरीके से रोस्टर जिला अनुमोदन समिति द्वारा तैयार हो गया है। परंतु कुछ विभाग प्रमुखों की मनमानी के चलते 2006 से आज दिनाँक तक विधिवत रोस्टर संधारित नहीं किया गया है।जिसमें स्वास्थ्य विभाग,शिक्षा विभाग,उच्च शिक्षा विभाग,महिला बाल विकास, जिला पंचायत, यहां तक कि दमोह कलेक्टर कार्यालय का रोस्टर भी अनुमोदित नहीं किया गया है। रोस्टर न तैयार होने के कारण स्थाई पदों पर ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत बड़े कमीशन पर आउट सोर्स भर्ती के माध्यम से दमोह के स्थाई रोजगार की हत्या की जा रही है इससे अनु.जाति,जनजाति नहीं बल्कि सभी वर्गों के बेरोजगार युवाओं को छला जा रहा है,जिसके लिए अजाक्स का संघर्ष जारी है। इस अवसर पर संभागीय पदाधिकारियों में नरेंद्र सिंह, कासीराम अहिरवार, कंछेदी लाल अहिरवार, सरजू प्रसाद अहिरवार,प्रेमलाल अहिरवार,मुकेश अहिरवार व जिला संरक्षक डॉ बी एल अहिरवार,बी एल रोहित,मुन्नी लाल अहिरवाल,आर डी अहिरवार, मुन्ना बड्डे,एच पी अहिरवार, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष मुरारी लाल अहिरवार कोषाध्यक्ष, तुलाराम अहिरवार, उपाध्यक्ष इंजी.अमित कुमार,ओ पी राज,सचिव डॉ रमेश अहिरवार,महासचिव आर बी सिंह, नारायण मरबी,प्रीतम अहिरवार,डॉ सुभाष अहिरवार, प्रवक्ता डी सी बैन, राकेश सूर्यवंशी, प्रमोद कुमार अहिरवार, पवन रोहित,कैलाश अहिरवार,मुकेश ठक्कर, तुलसीराम अहिरवार, राजेंद्र रोहितास,के साथ इस अवसर पर तेजीराम रोहित पूर्व न पा अध्यक्ष, भगवान दास चौधरी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष,डॉ जी पी अहिरवार, डॉ रमेश अहिरवार, डॉ एन आर सुमन, डॉ जे पी अहिरवार द्वारा समाज के चिंतन पर विचार व्यक्त किए गए। श्रीमती शशि चौधरी जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ,पार्वती सिंह,क्रांति अहिरवार, राघवेंद्र कुमारी,अनीता अहिरवार उषा चौधरी ,कविता आदर्श,बबीता अहिरवार, लक्ष्मी अहिरवार, मीना अहिरवार, कल्पना आदर्श एवं तहसील-ब्लॉक अध्यक्ष बालाराम अहिरवार-निर्मल बाल्मीकि हटा, हरीश अहिरवार दमोह, पी एल अहिरवार-डॉ राजेश कुमार अहिरवार तेंदूखेड़ा, प्रकाश चन्द्र चौधरी-जी पी गायकवाड़ पथरिया, आशाराम अहिरवार जबेरा,जमना प्रसाद अहिरवार पटेरा, गणेश अहिरवार, एम आर प्रभाकर, रेवाराम अहिरवार सहित सैकड़ों की उपस्थिति रही कार्यक्रम के अंत मे तुलाराम अहिरवार द्वारा आभार व्यक्त किया गया ततपश्चात प्रीतिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।






## जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने किए 68 लाख के लोकार्पण

पुष्पांजली टुडे



**दमोह।** जबेरा विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत शाखा में बने उप स्वास्थ्य केन्द्र जिसकी लागत 34 लाख है जिसका लोकार्पण जबेरा विधायक ने एवं ग्राम पंचायत चिलौद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का भी लोकार्पण किया जिसकी लागत 34 लाख रुपये है दोनों उप स्वास्थ्य केन्द्र की लागत 68 लाख रुपये । निरंतर उप स्वास्थ्य केन्द्रों की मांग ग्रामीण जनों के द्वारा की जा रही थी जिसको गंभीरता से लेते हुए जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने विधानसभा सभा में प्रश्न उठाया था जिसके माध्यम से उप स्वास्थ्य केन्द्रों को स्वीकृति प्रदान की गई। जबेरा विधायक ने कहा की इन दोनों उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के बनने से आस पास के ग्रामों में निवास कर रहे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होगी और जो इलाज के लिए दूर दराज जाना पड़ता था अब नहीं जाना पड़ेगा एवं इलाज से संबंधित सर्व सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान जबेरा बीएमओ डॉ डीके राय,सरपंच उजियार सिंह,सचिव राजेश राय, मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह,गोपाल सिंह,उमराव सिंह, निजाम सिंह भूपेश गंधर्व, परषोत्तम दुबे, नत्थू सिंह,पंचम सिंह,कप्तान सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

## 2 अक्टूबर को युवाओं ने पार्कों कि साफ सफाई कर गाँधी जयंती मनाई

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे



**दमोह ।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर दमोह के युवाओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई का कार्यक्रम रखा। युवाओं नें शहर के विभिन्न जगहों एवं पार्कों में साफ सफाई कर गाँधी जयंती मनाई। युवाओं नें बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर शहर के घंटाघर, अंबेडकर चौक, नेहरू पार्क एवं विभिन्न जगहों पर स्वच्छ भारत अभियान चलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंडित आलोक चौबे का विशेष योगदान रहा जिनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान आलोक चौबे के साथ संदीप सैनी, आशुतोष पांडे, रितेश ठाकुर, नीरज यादव, निलेश पाठक, निहाल,विकास सहित बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति रही।

## गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाकर मनाया गया जन्मदिन

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा
पुष्पांजली टुडे की खबर





**पन्ना।** जिले के देवेंद्र नगर तहसील अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जिगदहा में गांधी जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया जिसमें सभी शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम में महात्मा गांधी जी की तस्वीर पर पुष्प माला समर्पित कर स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत की गई जिसमें प्राचार्य श्री राम बाली मांझी द्वारा पुष्प गुच्छ समर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में स्वच्छता अभियान को लेकर स्वच्छता संदेश हेतु स्वच्छता रैली एवं महात्मा गांधी की जीवनी पर प्रकाश डालकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

## बापू की जन्म जयंती पर विभिन आयोजन दिलाई शपथ

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा
पुष्पांजली टुडे

दमोह। सम्पूर्ण देश आज 2 अक्टूबर को हमारे देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती माना रहा है उसी क्रम में लक्ष्मण कुटी सेक्टर के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला मुडिया के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शाला की प्राचार्या श्रीमति शोभा दीवान द्वारा राष्ट पिता महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रो पर पुष्पाहार द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की गई । छात्रो द्वारा रंगोली प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता स्लोगन. निवंध प्रतियोगिता. वाद विवाद प्रतियोगिता . प्रश्नोत्तरी आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए। प्रार्चाया मेण्डम एवं शिक्षक जय कुमार जैन के साथ अन्य शिक्षको द्वारा स्वाच्छता पखवाड़ा एवं स्वच्छता अभियान के संवंध में प्रकाश डाला गया । श्रीमती शोभा दिवान ने बताया कि आज हम बाबू की 154 जयंती माना रहे है और हम सभी को बाबू के बताए मार्ग पर चलना है बापू ने स्वच्छता को सेवा व सेवा को ही धर्म माना ।साफ-सफाई न केवल स्वयं बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। महात्मा गांधी ने स्वच्छता को सेवा और सेवा को ही धर्म माना था। उन्होंने इसकी सिख भी दी। कहा कि स्वच्छता समाज का धर्म है। जहां भी आप रहे उस जगह को साफ-सुथरा रखिए। स्वच्छता से 60 प्रतिशत बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। शाला परिसर में वृक्षा रोपण भी किया गया . अंत में रेली निकाल कर गांव वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया । कार्यक्रम में शाला परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओ एवं नवांकुर संस्था बुन्देलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के अंकित बसेडिया की उपस्थिति रही ।





## पीएमयूएम शिक्षक संघ ने केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के समक्ष रखी अपनी बात


पुष्पांजली टुडे

**दमोह।** प्राथमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल जाकर राज्य कर्मचारी संघ के प्रांतीय महा मंत्री हेमंत श्रीवास्तव के सहयोग से रमेश चंद शर्मा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश शासन से मुलाकात कर अध्यापक शिक्षकों की प्रमुख मांगो के संबंध में विस्तृत चर्चा की एवं पी एम यू एम शिक्षक संघ के प्रांत प्रमुख सतीश खरे ने मंत्री से आग्रह किया कि सभी वर्गों की मुख्यमंत्री ने महापंचायत बुला ली है हम शिक्षकों से भेदभाव क्यों, इस संबंध में शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को पूर्ण आश्वासन दिया कि आप लोगों की जल्द से जल्द मुख्यमंत्री से महापंचायत बुलाने के लिए अनुरोध करूंगा एवं आप लोगों की वरिष्ठता एवं क्रमोन्नति एवं जो भी समस्या है उनका निराकरण कराने का पूर्ण प्रयास करूंगा । प्रांतप्रमुख सतीश खरे ने कर्मचारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष से पूंछा की ये कैसी व्यवथा है की आदिम जाति कल्याण विभाग के आयुक्त तो क्रमोन्नति के आदेश जारी कर रहे है वहीं स्कूल शिक्षा विभाग के आयुक्त ने क्रमोनन्नती आदेशों पर रोक लगा के रखी है, उच्च प्रभार हेतु जारी की गई वरिष्ठता सूचियों में बहुत अधिक बिसंगतियां है इस पर शर्मा ने पूर्ण रूप से आश्वस्त किया की इन सारी विसंगतियों की सिकायतें उनको प्राप्त हो रहीं है । तीव्र गति से इन सबका निराकरण किए जाने का प्रयास किया जा रहा है, कोई भी पात्र शिक्षक उच्च प्रभार से वंचित नहीं रहेगा । संघ के प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख रूप से मांग रखी की शिक्षकों की पंचायत बुलाकर मांगों का निराकरण हो जिसमें नव नियुक्त शिक्षको के संबंध में की गई घोषणा के आदेश जल्द जारी हों। प्रतिनिधि मंडल में प्रांत प्रमुख सतीश खरे, ब्रजेश असाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष शिव प्रताप सिंह बुंदेला, दमोह जिलाध्यक्ष पवन खरे व कार्तिक खरे उपस्थित रहे ।

## गांधी जयंती के अवसर पर रीवा केंद्रीय जेल से 7 बंदी हुये रिहा

दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)

**रीवा।** केन्द्रीय जेल के अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर केन्द्रीय जेल रीवा में परिरूद्ध आजीवन करावास के 7 बंदियों को रिहा किया है। जेल अधीक्षक ने रिहा किये गये बंदियों को श्रीफल एवं रिहाई प्रमाण पत्र के साथ पारिश्रमिक राशि की पासबुक प्रदान कर जेल में प्राप्त किये गये स्वरोजगारन्मुखी प्रशिक्षण की विधा का उपयोग कर कोई न कोई रोजगार प्रारंभ कर जीवन यापन करने के लिए प्रोत्साहित किया। रिहाई के समय बंदियों के परिजन भी जेल में उपस्थित रहे। बंदियों के रिहाई प्रकरण उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, वरिष्ठ प्रहरी श्यामसुंदर दुबे तथा आकांक्षा तिवारी ने तैयार किया।




## मानस भवन में आयोजित हुआ चिकित्सा शिविर, हजारों मरीजों का किया गया परीक्षण






दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा
शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)

रीवा । मानस मंडल रीवा और चित्रांश परिवार समिति रीवा के संयुक्त प्रयास से स्थानीय मानस भवन में विशाल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग हजारों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न पैथोलॉजिकल टेस्ट के साथ . दवाइयों का निशुल्क वितरण किया गया। यह अपने आप में अनूठा प्रयास था, जिसमें एलोपैथ पद्धति के साथ रीवा जिले के प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे मां सरस्वती, भगवान चित्रगुप्त एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति के जनक भगवान धनवंतरी के पूजन के साथ हुई। शिविर में मुख्य रूप से ष्टस्क्कशिवाली चतुर्वेदी, मानस मंडल के अध्यक्ष सुभाष बाबू पांडे, चित्रांश परिवार समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, सचिव रेडक्रॉस डॉ. विनोद श्रीवास्तव उपस्थित रहे। शिविर में डॉ. एनपी पाठक, डॉ. एस के श्रीवास्तव, डॉ. आरपी श्रीवास्तव, डॉ. शैलवाला श्रीवास्तव, डॉ. अनिल श्रीवास्तव, डॉ प्रदीप निगम, डॉ. अनुराग शर्मा आयुर्वेद कॉलेज के डीन डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ अशोक श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद त्रिपाठी, डॉ राम रक्षा शुक्ला, डॉ. नीलेश पटेल, डॉ आशीष, डॉ. महेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. विमल सिंह, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. राम प्रकाश श्रीवास्तव के साथ ही पल्लवी श्रीवास्तव, डॉ विकास श्रीवास्तव ने अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में अशोक तिवारी सचिव मानस मंडल, पीयूशेद्र त्रिवेदी, सुशील गुप्ता सह सचिव, आरके दीक्षित, अवधेश श्रीवास्तव एवं नरेश श्रीवास्तव, चित्रांश परिवार समिति की ओर से डॉ. विजय श्रीवास्तव, टीपी निगम, संजय श्रीवास्तव, कल्पना श्रीवास्तव, सुरेंद्र निगम, सुशील खरे, विनय श्रीवास्तव, विपुल श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, सुनील निगम, एड. राकेश निगम, संजीव श्रीवास्तव, राजेंद्र निगम, एड राजेश श्रीवास्तव, छोटू निगम, पीयूष श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, संदीप खरे, रमन श्रीवास्तव, रितिका श्रीवास्तव, ॠचा श्रीवास्तव, दीपक खरे, महेंद्र श्रीवास्तव आदि समस्त चित्रांश परिवार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।

## संपादकीय

# राजनीति और महिलाएं

आजादी की लड़ाई में अनेक महिलाओं ने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया और आजादी के बाद भी महिलाओं का राजनीति में उल्लेखनीय योगदान रहा। राजनीति में महिलाओं का प्रवेश एक अश्छी बात है। लेकिन, तब के और आज के राजनीतिक माहौल में जमीन–आसमान का फर्क है। आज का राजनैतिक माहौल इतना गंदा हो चुका है कि अब वहां सीधे सादे शरीफ पुरुष का भी टिक पाना असंभव है। फिर महिलाओं के साथ सिर्फ महिला होने की वजह से अनेक परेशानियां जुड़ जाती हैं। यदि कोई महत्वाकांक्षी महिला अपने बूते पर राजनीति में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करती है तो उसका वही हश्र होता है, जो मध्यप्रदेश में सरला मिश्र और दिल्ली में नैना साहनी का हुआ था। आज राजनीति में वही महिला टिक सकती है, जिसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि राजनैतिक हो। पंचायत से लेकर लोकसभा तक या फिर दिल्ली की सोनिया गांधी से बिहार की राबड़ी देवी तक ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं कि किसी राजनेता की पत्नी, बेटी या बहू ही राजनीति में आती है। मेरे विचार से आम महिलाओं विशेषकर युवा लड़कियों को, राजनीति से दूर ही रहना चाहिए। यदि कोई महिला देश की सेवा ही करना चाहती है तो वह सामाजिक संगठनों से जुड़कर काम कर सकती है फिर बाद में प्रौढ़ावस्था में जब उन्हें पर्याप्त अनुभव और ज्ञान हो जाए, तब उन्हें अपनी योग्यता के बल पर राजनीति में आना चाहिए। भारतीय राजनीति और समाज में यह सवाल लंबे समय से बना हुआ है कि महिलाओं को राजनीति में आना चाहिए या नहीं। यूं सोचने में यह सवाल बड़ा अप्रांसगिक लगता है, क्योंकि इस देश में लंबे समय तब एक महिला प्रधानमंत्री का शासन रहा और मुख्यमंत्री व राच्यपाल पदों पर भी काफी महिलाएं आसीन थीं और अभी भी हैं, लेकिन इस सवाल की जड़ें बहुत गहरी हैं और हमारे समाज पर काबिज पितृ सत्तात्मक सोच की परिचायक है।मौजूदा दौर में महिलाओं को राजनीति से दूर रहने की सलाह देने वाले अपनी बात के समर्थन में यह तर्क पेश करते हैं कि राजनीति में अपराध हावी है, सिद्धान्तहीनता व भ्रष्टता का बोलबाला है आदि। राजनीति की खौफनाक तस्वीर पेश करके वे महिलाओं को इससे बचकर चलने की सलाह देते हैं। इस तरह से देश व अर्थव्यवस्था के बारे में सर्वोष फैसला लेने की प्रक्रिया में प्रवेश करने से ही महिलाओं को हतोत्साहित किया जाता है। सवाल यह है कि अगर मौजूदा राजनीति दुरुस्त नहीं है तो क्या महिलाओं के घर बैठने भर से यह ठीक हो जाएगी। इसके साथ ही जब तमाम विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आज महिलाएं जीवन के कमोबेश हर क्षेत्र में दाखिल हो चुकी हैं तो वे सत्ता में भागीदारी और वह भी बराबर की भागीदारी से क्यों वंचित रहें। हाल ही के वर्षों में महिलाओं में राजनीति में भागीदारी करने, नेतृत्वकारी भूमिका निभाने का जबरदस्त रुझान दिखाई दे रहा है। आज के दौर में जब महिलाओं की भूमिका सिर्फ घर की चहारदीवारी तक न सीमित रहकर तमाम क्षेत्रों में विस्तार पा रही है। उसे राजनीति से दूर रखना पूरी तरह आधी दुनिया के साथ अन्याय होगा। आखिर आधी दुनिया की भी सत्ता पर दावेदारी बराबर की बनती है। राजनीति की बुराइयों को गिनाकर इससे उसे दूर रखने की साजिश उसी पुरुषवादी वर्चस्व की निशानी है, जो महिलाओं को घर तक सीमित रखना चाहता है या बाहर भी उतना ही आने देना चाहता है, जितने में उसे चुनौती न मिले। इसलिये महिलाओं को मजबूती के साथ बढ़–चढ़कर राजनीति में शिरकत करनी चाहिए, ताकि देश व समाज संबंधी महत्वपूर्ण फैसलों में उनका बराबरी का दखल हो।




मेष :–मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में न जाया करें। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकते हैं।

वृषभ :– नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

मिथुन :– नये क्षेत्रों मे प्रयास से लाभ संभव। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

कर्क :– सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन में निराशा पैदा करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

सिंह :– कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

कन्या :– मन को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। भाग्य से प्राप्त अच्छी बुरी सभी स्थितियों के साथ समझौतावादी बने। अपने सुख–दुख छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें।

तुला :– पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरनें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

वृश्चिक :– भौतिक सुख–साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

धनु :– योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। मस्त–मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया कर महत्वपूर्ण कायरे के प्रति लापरवाह होगा। शिक्षा–प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा।

मकर :– सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर मिलेंगे। पिता के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। किसी मेहमान के आगमन से घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कुंभ :– किसी की अस्वस्थता से परिवार में कष्टप्रद माहौल होगा। महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर जाना पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। रोजगार में आ रही समस्याओं से निराश न हों।

मीन :– प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

# अपने शौक को हर हाल में जिंदा रखें

**उषा जैन**

> *आज की संतान कितनी खुदगर्ज, अनैतिक, रुपए पैसे की ही पूजा करने वाली है, यह सभी जानते हैं कि सिवाय इन गृहिणियों के जो ईश्वर की तरह अपने बच्चों के नाम का हर समय जप करती हैं।*

निर्मलाजी जीवन के छह दशक पूरे कर चुकी हैं। खाते–पीते घर की महिला हैं। शॉपिंग, पिकनिक, पार्टी, घूमना–फिरना उनकी जवानी के दिनों के शौक थे। उन्होंने काफी ऐशोआराम में जवानी गुजारी। अब बच्चे अमेरिका में व्यवस्थित हो गए। पति भी चल बसे। तन्हाई काटे नहीं कटती। उनका दुर्भाग्य यह रहा कि उन्होंने कभी कोई शौक या हॉबी नहीं पाली। काश! उन्होंने दूरदर्शिता से काम लेते हुए कोई ऐसा शौक पाला होता, जिससे उपलब्धि का अहसास भी होता और तन्हाई उन्हें यूं न डंसती कि वे अपना मानसिक संतुलन खोने की कगार पर आ पहुंचती। संगीता की मां काफी समझदार निकलीं। उन्होंने अधेड़ावस्था में आयुर्वेद चिकित्सा का कोर्स पूरा किया और इससे पहले कि बच्चे अपनी दुनिया अलग बसाते उन्होंने प्रैक्टिस शुरू कर दी। उनकी मेहनत और स्वभाव की मधुरता का उन्हें अच्छा सिला मिला। मरीजों की भीड़ रहने लगी। अब उन्हें अपने बुढ़ापे की जरा भी चिंता न थी। आर्थिक सुरक्षा और व्यस्तता ने उन्हें इस सोच से उबार लिया। अक्सर गृहिणियां




अपने को घर–परिवार में इस कदर उलझा लेती हैं कि अपनी अस्मिता तक भूल जाती हैं। इस कारण उनका हर तरफ से शोषण होता है। मजे की बात तो यह है कि भ्रमजाल में रहते हुए ये अपने को त्याग और बलिदान की देवी समझते हुए स्वतंत्र नारियों को अपने आगे बहुत हीन समझती हैं। उस समय वे इस बात से कतई अनभिज्ञ रहती हैं कि अपनी ही बनाई कैद में आगे चलकर उन्हें सिसक–सिसककर दम तोडना है। आज की संतान कितनी खुदगर्ज, अनैतिक, रुपए पैसे की ही पूजा करने वाली है, यह सभी जानते हैं कि सिवाय इन गृहिणियों के जो ईश्वर की तरह अपने बच्चों के नाम का हर समय जप करती हैं। अगर कोई समझदार व्यक्ति उनसे बच्चों से कुछ मोह कम करने को कहेगा तो वे उसे पागल समझेंगी जो कि एक भयानक नैतिक अपराध है।स्कूल–कॉलेज में जो बहुत प्रतिभाशाली छात्राएं समझी जाती थीं, कोई गाने–बजाने, कोई पेंटिंग व सिलाई–कढ़ाई तो कोई पढने–लिखने में। ब्याह के बाद वे अपने शौक को पूरी तरह उपेक्षित कर देती हैं। कारण बाहरी कम, भीतरी ज्यादा होते हैं।अपवाद तो हर जगह है। अब शशिकला की बात ही लें। बिल्कुल पुरातनपंथी दकियानूसी परिवार में ब्याही गई थी, लेकिन लिखने–पढने का शौक था तो अपने शयनकक्ष में ही यह कार्य करती रही। बाद में पति ने भी प्रोत्साहन दिया तो उसके लेख–कहानी खूब प्रकाशित होने लगे। फिर किताब छपीं और उसे पुरस्कार भी मिला। प्रौढ़ावस्था तक पहुंचते वह एक स्थापित लेखिका बन गई थी। घर के बुजुर्ग सभी एक–एक कर चल बसे। बच्चे अपने घर–संसार में लीन, पतिदेव दूसरी औरत के साथ रहने लगे। ऐसे में शशिकला के पास लेखन कला का साथ न होता तो वह अकेलेपन से घबरा कर टूट कर बिखर जाती।कहते हैं कि कला ईश्वरीय देन होती है, लेकिन ईश्वर ने किसी को भी महरूम नहीं रखा है। कोई न कोई शौक पालने की क्षमता हर एक में विद्यमान होती है। बागवानी और पालतू पशु भी मानव के एकाकीपन को दूर करते हैं। पाश्चात्य देशों में बूढ़ी प्रौढ़ कुमारियां अक्सर कुत्ता–बिल्ली पाल लेती हैं, ताकि वे अपने को व्यस्त रख सकें। प्रौढ़ावस्था में खाली रहने से बढ़कर दूसरा अभिशाप नहीं, क्योंकि ऐसे में भूतकाल की यादें हर पल उनका पीछा कर उन्हें चौन से नहीं रहने देतीं। खाली बैठा व्यक्ति दूसरे की आंखों में भी खटकता है, इसलिए यह बेहद जरूरी है कि अपने शौक को बरकरार रखते हुए अपना जीवन सार्थक ढंग से गुजारें, जिससे आपको गहन आत्मसंतुष्टि भी मिले।

# उच्च आदर्शों के प्रणेता : लाल बहादुर शास्त्री

**अंजनी सक्सेना**

यह हम भारतवासियों का परम सौभाग्य है कि इस धरा ने हमें अनेक महापुरुष दिये हैं। हमारी गौरव गरिमामय धरा ने राजनीति, साहित्य, संस्कृति और कला के बड़े–बड़े विद्वानों को जन्म दिया है। ऐसे ही एक महापुरुष थे श्री लाल बहादुर शास्त्री जिन्होंने अपने त्याग, आदर्श, नैतिकता और सादगी भरे जीवन से संपूर्ण विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया था। शास्त्री जी के जीवन में उच्च आदर्शों और सादगी का अद्भुत समन्वय था। वे एक और तो शांतिदूत के रूप में पहचाने गये वहीं दूसरी ओर उनकी पहचान पाकिस्तान की धरती पर आक्रमण करने वाले देश की सेना के छक्के छुड़ाने वाले महानायक के रूप में भी होती है। भारतीय जनमानस को जय जवान, जय किसान का नारा देने वाले शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था। वाराणसी के पास स्थित मुगलसराय शहर शास्त्री जी का ननिहाल एवं जन्म स्थान है। शास्त्री जी के पिता श्री शारदा प्रसाद श्रीवास्तव, इलाहाबाद की एक पाठशाला में अध्यापक थे। शारदा प्रसाद और रामदुलारी के लाड़ले लालबहादुर नन्हें के नाम से पुकारे जाते थे। शास्त्री जी अभी दो ही वर्ष के थे कि पिता का साया उनके सिर से उठ गया। मां ने आर्थिक संकटों को सहते हुये अपने नन्हें को संस्कार सम्पन्न एवं शिक्षित बनाने में कोई कसर नहीं रखी। आठवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद मां के लाड़ले नन्हें वाराणसी आ गये। यहां उनके मौसा ने स्कूल में नन्हें का नाम लालबहादुर वर्मा लिखवाया। लेकिन जातिवाद का बहिष्कार करते हुये इस बारह वर्षीय बालक ने अपने अध्यापक से अनुरोध किया कि उनका नाम केवल लालबहादुर ही लिखें। अपने शिष्य की इस स्पष्टवादिता से गुरू भी काफी प्रभावित हुये। इसके बाद तो वे हमेशा अपने गुरुजनों के प्रिय शिष्य बने रहे। शास्त्री जी गरीबी से जूझते हुए विद्याध्ययन कर रहे थे तब रोलेट एक्ट के लागू होने से सारे देश में अशांति फैली हुई थी। क्रूर अंग्रेजों द्वारा जलियां वाला बाग का वीभत्स नरसंहार किया गया। सारे देशवासियों के साथ शास्त्री जी का भी खून खौल उठा। शास्त्री जी उस समय दसवीं कक्षा के विद्यार्थी थे। देशभर में असहयोग आंदोलन चलने लगा। इसी सिलसिले में एक दिन लालबहादुर शास्त्री को महात्मा गांधी के भाषण सुनने का अवसर मिला। गांधीजी के विचारों ने इस बालक के मनमस्तिष्क को उद्वेलित कर दिया और वे भी सैकड़ों भारतवासियों के साथ स्कूल का बहिष्कार करके आंदोलन में कूद पड़े। इस दौरान वे जोशीले अंदाज में सभाओं को संबोधित भी करने लगे। उनके भाषणों से युवाओं में जोश भर उठता था, लेकिन शीघ्र ही अन्य सत्याग्राहियों के साथ शास्त्री जी को ब्रिटिश सरकार ने पकड़ लिया और जेल में डाल दिया। ढाई वर्षों तक शास्त्री जी ने जेल की यातना भुगती। जेल से छूटने पर शास्त्री जी पुनरू देश के स्वतंत्रता संग्राम से जुडना चाहते थे परंतु गांधीजी की प्रेरणा से उन्होंने काशी विद्यापीठ में प्रवेश ले लिया। यहां एक ओर तो उन्होंने विद्याध्ययन करके शास्त्री की उपाधि प्राप्त की वहीं दूसरी ओर आचार्य नरेन्द्र देव, आचार्य कृपलानी और डॉ. संपूर्णानंद जैसे देशभक्तों का भी सानिध्य प्राप्त किया। राजार्षि पुरूषोत्तमदास टंडन से प्रेरणा पाकर शास्त्री जी लोकसेवक संघ के आजीवन सदस्य बन गये। शास्त्री जी गरीबी के बीच कठिन संघर्ष करते हुए पले बढ़े थे इसलिए गरीबों के प्रति उनके हृदय में अपार सहानुभूति थी। सहृदय तो वे जन्मजात थे, इसी कारण उत्तर प्रदेश के पूर्वी जिलों में उन्होंने कई विकासात्मक कार्य किये। लोक सेवक संघ से जुडने के बाद राजर्षि टंडन ने उन्हें इलाहाबाद में कार्य करने की प्रेरणा दी। इलाहाबाद में वे म्यूनुसपल कोर्ट के सदस्य बने और इलाहाबाद इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के सदस्य बनाये गये। इसी बीच 1927 में शास्त्री जी का विवाह ललिता देवी से हुआ। ललिता जी कर्तव्य परायण, सहनशील एवं धार्मिक वृत्ति की महिला थीं। शास्त्री जी ने अपने विवाह में केवल चरखा एवं खादी का कपड़ा ही स्वीकार किया, जबकि उनके ससुर स्वयं ढेर सारा दहेज देना चाहते थे। शास्त्री जी की पत्नी ने अपने पति का कदम–कदम पर साथ दिया और 1930 में शास्त्री दम्पत्ति नमक सत्याग्रह में शामिल हो गये। कुछ समय पश्चात शास्त्री जी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। इसी वर्ष शास्त्री जी इलाहाबाद कांग्रेस कमेटी के महासचिव से अध्यक्ष बने, 1935 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव बने, 1937 में उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिये निर्वाचित हुये। इस चुनाव में उन्होंने उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध उद्योगपति राजा जगमल को भारी मतों से पराजित किया था। 1930 से 1945 तक शास्त्री जी ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध संघर्ष करते रहे। इस दौरान वे सात बार जेल गये और लगभग 9 वर्ष जेल में बिताये। इस अवधि में शास्त्री जी अपनी मातृभूमि को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के प्रयास तो करते ही रहे साथ ही वे निरंतर अध्ययनशील भी रहे। 1932 के जेल प्रवास में उन्होंने, हीगल, लास्की, बर्टेड रसल, मार्क्स और लेनिन का जमकर अध्ययन किया। शास्त्री जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। उस समय वे अंग्रेजों को भारत से भगाने के प्रयास कर रहे थे वहीं किसानों में जागृति भी ला रहे थे। यही नहीं उन्होंने विश्वविख्यात वैज्ञानिक मैडम क्यूरी के बारे में भी बहुत गंभीरतापूर्वक अध्ययन किया और उनकी जीवनी का हिन्दी में अनुवाद भी किया। अंग्रेजों से संघर्ष करने और बार–बार जेल जाने के कारण परिवार की अर्थव्यवस्था को वे नहीं संभाल सके, इसी कारण उनके दो पुत्र दवा के अभाव में मौत के मुंह में समा गये लेकिन शास्त्री जी विचलित नहीं हुये और तन–मन–धन से देश की सेवा में लगे रहे। अंततः 1947 में देश स्वतंत्र हुआ। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में विभिन्न पदों पर उन्होंने कार्य किया लेकिन वे अपनी जड़ों से जुड़े रहे और समाज के शोषित, गरीब और कमजोर वर्ग के लिये कार्य करते रहे। 1950 में शास्त्री जी कांग्रेस के महामंत्री बने और 1951 में पं. जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में बने मंत्रिमंडल में रेल और परिवहन मंत्री बने। केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री बनने के बाद भी वे समाज के कमजोर तबके से जुड़े रहे और ऐसे लोगों को देश की मुख्यधारा से जोडने के लिये उन्होंने छोटे–छोटे स्थानों को भी रेल परिवहन से जोडने की मुहिम प्रारंभ की। शास्त्री जी उच्च नैतिक आदर्शों की जीवन्त मिसाल थे, राजनीति में रहते हुये भी वे इसमें फंसे नहीं और एक रेल दुर्घटना से इतने द्रवित हुये कि मंत्रिमंडल से ही त्यागपत्र दे दिया।शास्त्री जी की असली परीक्षा तो पं. जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद आरंभ हुई। 27 मई 1964 को पं. नेहरू का निधन हुआ और सारे राष्ट्र के सामने एक प्रश्न उत्पन्न हुआ कि नेहरू के बाद कौन? उस समय अनेक कुशल व्यक्तित्व राजनीति में सक्रिय थे लेकिन फिर भी एक अनिश्चय की स्थिति बनी हुयी थी। ऐसे में कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष कामराज ने कांग्रेस जनों से बातचीत की और कांग्रेस के संसदीय दल ने सर्वसम्मति से श्री लालबहादुर शास्त्री को अपना नेता चुन लिया। 9 जून 1964 को श्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारत के तीसरे प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। शास्त्री जी ने जब प्रधानमंत्री पद संभाला तो देश आँतरिक और बाहरी दोनों ही क्षेत्रों में विपदाओं से जूझ रहा था। सूखा भी पड़ रहा था और बाढ़ भी आ रही थी। वहीं सीमा पर पाकिस्तान की कुटिल हरकतें भी बरकरार थीं। ऐसे समय में सेना के जवानों और गांव के किसानों का मनोबल बनाये रखना केवल शास्त्री जी जैसे आदर्श व्यक्तित्व के ही बूते की बात थी। शास्त्री जी ने जय जवान, जयकिसान का नारा देकर सारे देश में जोश उत्पन्न कर दिया। शास्त्री जी ने जहां देश की धरती को कृषि योग्य बनाने के लिये सिंचाई साधनों का विस्तार कराया वहीं देश में अन्न बचाने के लिये नागरिकों से सप्ताह में एक दिन उपवास करने की प्रतिज्ञा भी करवाई। शास्त्री जी ने न केवल जनता से अन्न बचाने का आग्रह किया बल्कि उन्होंने स्वयं भी सोमवार के दिन उपवास रखने का संकल्प लिया। जब शास्त्री जी देश में खेती के विकास के कार्य कर रहे थे तभी पाकिस्तान ने गुजरात के कच्छ क्षेत्र पर हमला बोल दिया। इस मौके पर शास्त्री जी ने राजनीतिक कुशलता का परिचय देते हुये पाकिस्तान को समझौते पर मजबूर किया, लेकिन पाकिस्तान अपनी कुटिल हरकतों से बाज नहीं आया और कश्मीर की खूबसूरत वादियों पर हमला कर दिया। इस अवसर पर शास्त्री जी ने एक कठोर निर्णय लिया और अपने सैनिकों को दुश्मनों पर टूट पडने की छूट दे दी। जाबांज भारतीय सैनिक शास्त्रीजी की कसौटी पर खरे उतरे और उन्होंने पाकिस्तान के सैनिकों को भागने पर विवश कर दिया। अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिये शास्त्रीजी ने उन्हें दुश्मन का पीछा करने के लिये प्रेरित किया। परिणामस्वरूप भारतीय रणबांकुरे पाकिस्तानी सरहदों को पार करके लाहौर हवाई अड्डे जा पहुंचे और पाकिस्तान की संचार व्यवस्था ठप्प कर दी। पराजित पाकिस्तान ने विवश होकर संधि का प्रस्ताव किया जिसे उदारमना, शांतिदूत शास्त्री जी ने स्वीकार कर लिया। इस संधिपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिये ताशकंद में भारत और पाकिस्तान के बीच 10 जनवरी 1966 को एक समझौता हुआ। इस समझौते के मात्र नौ घंटे बाद सम्राट अशोक का यह आधुनिक अवतार चिरनिद्रा में लीन हो गया। शास्त्री जी का संपूर्ण जीवन संघर्षपूर्ण रहा वे गरीबी में पले और बढ़े। राजनीति में भी छोटे–छोटे पदों पर रहते हुए आगे बढ़े और उनके सदगुण सदैव उन्हें आगे बढने की प्रेरणा देते रहे।शायद इसी कारण मुगलसराय जैसे छोटे से स्थान पर एक अध्यापक के घर जन्मा बालक भारत का प्रधानमंत्री बना, यही नहीं उन्होंने शत्रु को पराजित करने के बाद उसे माफ करके अपनी उदारता का भी परिचय दिया। उन्होंने सारे संसार को बता दिया कि हम शांतिप्रिय हैं, अहिंसावादी हैं, लेकिन कायर नहीं हैं, हम शांति चाहते हैं, लेकिन धमकियों से डरते भी नहीं हैं, चुनौतियों का डटकर मुकाबला करते हैं। आज हमारे बीच शास्त्री जी नहीं है, लेकिन उनके विचार आज भी प्रासंगिक है।

# पुलिस के अधिकतर जवान और अधिकारी ब्लड प्रेशर से पीडित

**सुभाष आनंद**

> *आंकड़ों में बताया गया है कि पंजाब पुलिस के 90 हजार कर्मचारियों में से 60फीसद से ज्यादा कर्मचारी विभिन्न रोगों से पीडिघ्त हैं और वह अलग अलग प्रकार के नशों का प्रयोग कर रहे हैं।*

जो आंकड़े पंजाब पुलिस की सेहत को लेकर आए हैं काफी चौंकाने वाले हैं। देश की सभी सुरक्षा एजेंसियों में पंजाब पुलिस के जवान और अधिकारी सबसे ज्यादा अनफिट हैं। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को लेकर स्वास्थ और सुरक्षा जागरूकता सभा ने जो आंकड़े एकत्रित किए है ,उससे स्पष्ट पता चलता है कि जब जवान पंजाब पुलिस में भर्ती होता है,उस समय सिविल सर्जन द्वारा सभी टेस्टों के आधार पर उसे नौकरी के लिए फिट होने का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है,लेकिन 40 वर्ष तक पहुंचते –पहुंचते वह मोटापे और ब्लड प्रेशर का शिकार होने लगता है। आंकड़ों के अनुसार पंजाब पुलिस के हर चौथे मुलाजिम का भार सामान्य से अधिक है। प्रायः 42.8 फीसदी पुलिस कर्मचारी मोटे है। पंजाब पुलिस के अधिकांश अधिकारी हाई ब्लड प्रेशर के शिकार है। यदि पंजाब की भगवंत मान सरकार पंजाब पुलिस के सभी कर्मचाारियों और अधिकारियों का पुनरू मेडिकल निरीक्षण करवाती है तो आधे से ज्यादा कर्मचारी अनफिट घोषित हो सकते हैं। आंकड़ों में बताया गया है कि पंजाब पुलिस के 90 हजार कर्मचारियों में से 60फीसद से ज्यादा कर्मचारी विभिन्न रोगों से पीडिघ्त हैं और वह अलग अलग प्रकार के नशों का प्रयोग कर रहे हैं। पंजाब पुलिस फोर्स के 6 फीसदी लोग रोजाना शराब का सेवन करते हैं,कुछ मुलाजिम अफीम और भुक्की के शौकीन भी हैं। कुछ नशीली गोलियां,कैप्सूल फैंसी कोरेक्स को भी समय समय पर पी लेते हैं। पंजाब पुलिस की नौजवान पीढ़ी स्मैक का नशा भी कर रही है। जर्दा खाने वालों की संख्या भी काफी मात्रा में है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक थाने में 30 से 40 मुलाजिम होते हैं ,जबकि चौकियों में 5 से 7 मुलाजिम। एक थाने में तैनात कर्मचारी प्रतिदिन एक पेटी शराब और 15–20 मुर्गे जरूर हजम कर जाते हैं। इस प्रकार अनुमानतः 15–20 हजार प्रति दिन खर्च होता होगा। ऐसा माना जाता है कि पंजाब के सभी थानों में प्रति दिन शराब पर 1 करोड़ से लेकर डेढ़ करोड़ खर्च होता होगा। यह खर्च पंजाब पुलिस के जवान और अधिकारी अपनी जेब से खर्च नहीं करते।पंजाब पुलिस के बड़े अधिकारी मानते हैं कि पंजाब की नफरी( एक दिन के काम का वेतन)1947 वाली चली आ रही है। जबकि पंजाब की जनसंख्या तीन गुणा बढ़ चुकी है। कर्मचारियों की कमी के कारण पुलिस वालों की ड्यूटी का निश्चित समय नहीं है। उन्हें खाने पीने का समय ही नही मिलता । अब न ही थानों में रोजाना परेड होती है। आयु का बढना भी ब्लड प्रेशर बढने का सबसे बड़ा कारण है। पुलिस कानून के अनुसार पुलिस कर्मचारियों की परेड सप्ताह में दो दिन जरूरी होती थी। पहले यह परेड थानों में होती थी,लेकिन अब पुलिस लाइन तक ही सीमित है। फिरोजपुर की पुलिस लाईन में तैनात डाक्टर का कहना है कि अधिकतर पुलिस कर्मचारी डिप्रैशन और ब्लड प्रैशर से पीडिघ्त है। समय समय पर पुलिस कर्मचारियों का मेडिकल चौकअप भी किया जाता है। पुलिस के बड़े अधिकारी कहते हैं कि पंजाब पुलिस में नशे का रुझान बढ़ रहा है। पुलिस के अक्स को सुधारने के लिए हर महीने योगा कैंप,खेल कूद बौद्धिकता इत्यादि पर सरकार को काम करने की जरूरत है।

# पीएचई एवं जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने की समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

रीवा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जनसम्पर्क मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने के लिये प्रभावी रूप से समीक्षा की जाय और लापरवाह अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया जाय और काम न करने वाले को ब्लैकलिस्ट करें। मंत्री श्री शुक्ल ने जल भवन भोपाल में समूह जल प्रदाय योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि समूह जल प्रदाय योजनाओं को गति देने के लिये सशक्त टीम बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बारिश थमने के कारण तीव्रगति से काम करें। जहाँ मानव संसाधन की कमी है, उसे दूर किया जाए। मंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संविदाकार नियमानुसार ड्राइंग/डिजाइन संचालनालय में भी जमा करें। मुख्यालय में समिति बनाई जा रही है, जिससे किसी भी कार्य में रूकावट नहीं आएगी। बैठक में मंत्री श्री शुक्ल ने प्रगतिरत योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की एवं सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री श्री शुक्ल ने एल एण्ड टी कंपनी को आवश्यक मानव संसाधन, मशीनरी एवं सामग्री लगाकर कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिये। बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में सतही स्त्रोत (नदी एवं बांध) आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश जल निगम द्वारा किया जा रहा है।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में 62,438 करोड़ लागत की 148 समूह जल प्रदाय योजनायें स्वीकृत है। इन योजनाओं से 35,996 ग्राम लाभान्वित होंगे। इनमें से 2,906 करोड़ लागत की 33 योजनाओं की पूर्ण कर 1,733 ग्रामों को नियमित जलप्रदाय किया जा रहा है। साथ ही 56,458 करोड़ लागत की 109 योजनायें जिनसे 32,700 ग्राम लाभान्वित होंगे, के कार्य प्रगतिरत है। प्रगतिरत 109 योजनाओं के 32,700 ग्रामों में से 2,774 ग्रामों में जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 3,076 करोड़ रूपये लागत की 1,563 ग्रामों की 6 योजनायें निविदा प्रक्रिया में है, जिनके कार्यादेश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे। बताया गया कि बुरहानपुर जिले को उत्कृष्ट प्राईम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन 2022 के लिये ÷स्वच्छ जल हर घर जल योजना÷ के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए भारत सरकार द्वारा 20 अप्रैल 2023 को बेस्ट परफार्मिंग जिले की श्रेणी में अभिस्वीकृति दी गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर गत 4 मार्च को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा जल शक्ति मंत्रालय के मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, राज्य मंत्री श्री



प्रहलाद सिंह पटेल की गरिमामय उपस्थिति में जल जीवन मिशन अंतर्गत पाईप से जल वितरण योजना के तहत संचालन एवं संधारण में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने वाली बहन श्रीमती अनिता चौधरी, ग्राम मोहखेड़ समूह ग्राम योजना, जिला छिंदवाड़ा को स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत ÷स्वच्छ जल से सुरक्षा अभियान का प्रारंभ 2 अक्टूबर 2022 को किया गया था। अभियान की अवधि 31 मार्च 2023 तक थी। अभियान की अवधि के दौरान मध्यप्रदेश अभियान के सभी मापदण्डों के अनुरूप जल की गुणवत्ता के नमूनों की जाँच करने में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में शामिल रहा है। बताया गया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के सभी ग्रामीण परिवारों को वर्ष 2025 तक नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्रवाई की जा रही है। सभी ग्रामों में एकल एवं समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से नल से जल उपलब्ध कराने के लिए राशि 79,604 करोड़ रूपये की योजनायें स्वीकृत कर दी गयी है। कुल 113.63 लाख परिवारों में से 65.58 लाख (58.47प्रतिशत) परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जा चुका है। प्रदेश ने 50 प्रतिशत से अधिक की उपलब्धि हासिल कर ली है। सभी जिले 25 प्रतिशत से अधिक नल से जल के आच्छादन की श्रेणी में शामिल हो गए है। साथ ही 11,317 ग्रामों में शत-प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन दिया जाकर इनको ÷हर घर जल÷ ग्राम घोषित हो गए हैं, जिनमें से 5,207 ग्रामों को संबंधित ग्रामों की ग्राम सभा द्वारा हर घर जल ग्राम प्रमाणित कर दिया गया है। बताया गया कि प्रदेश बड़े राज्यों में हर घर जल प्रमाणीकरण में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश की समस्त शालाओं एवं आँगनबाड़ियों में नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। लगभग 93 हजार शालाओं में से 75 हजार (80 प्रतिशत) शालाओं तथा लगभग 66 हजार आँगनबाड़ियों में से लगभग 45 हजार (67 प्रतिशत) आँगनबाड़ियों में नल से शुद्ध जल उपलब्ध करा दिया गया है। शेष शालाओं एवं आँगनबाडियों में नल से जल उपलब्ध कराने के कार्य प्रगतिरत है। बताया गया कि मध्यप्रदेश ने हाल ही में जल जीवन मिशन में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बुरहानपुर जिले को देश का प्रथम ÷हर घर जल÷ प्रमाणित कराने के बाद निवाड़ी जिले को प्रदेश का दूसरा ÷हर घर जल÷ जिला भारत सरकार द्वारा घोषित किया गया है। प्रयोगशालाओं में होने वाले पेयजल गुणवत्ता परीक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये एनएबीएल प्रमाणीकरण कराया गया है। प्रदेश देश का सर्वप्रथम राज्य है जिसने अपनी सभी जिला स्तरीय प्रयोगशालाओं का सर्वप्रथम एनएबीएल प्रमाणीकरण कराया गया है। साथ ही 103 उपखण्ड स्तरीय प्रयोगशालाओं में से 101 प्रयोगशालाओं का भी एनएबीएल प्रमाणीकरण कराया है। शेष 02 उपखंड स्तरीय प्रयोगशालाओं के एनएबीएल प्रमाणीकरण की कार्यवाही प्रकियाधीन हैं। योजना से संबंधित कार्यों तथा योजना के संचालन-संधारण में स्थानीय ग्रामीण युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये युवाओं को प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री आदि कार्यों का प्रशिक्षण देने की कार्यवाही की जा रही है। बैठक में प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी श्री संजय कुमार शुक्ल, प्रमुख अभियंता श्री संजय कुमार अंधवान, परियोजना निदेशक मध्य प्रदेश जल निगम श्री अजय कुमार जैन उपस्थित थे।

## रीवा संभाग के सभी जिलों में चल रही शिक्षकों के पदोन्नति उच्च पद प्रभार की वरिष्ठता सूची एवं कौंसिलिग प्रक्रिया में भारी भ्रष्टाचार एवं त्रुटियां

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। लोकशिक्षण संचनालय भोपाल व्दारा मध्यप्रदेश के कार्यरत शिक्षकों को उच्च पद प्रभार देकर पदोन्नति किए जाने के आदेश होते ही, उच्च पद प्रभार में पात्र शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में भारी विसंगति के बाद भी 29 सितम्बर एवं 30 सितम्बर कौसिलिग प्रक्रिया पूर्ण करने का दावा किया जा रहा है जबकि वरिष्ठता सूची ही त्रुटि पूर्ण है,जिस कारण पात्र शिक्षक अपात्र हो गये या वरिष्ठता क्रम की सूची में नाम नीचे होने के कारण सुविधानुसार स्कूल का चयन नहीं कर सकें इसलिए बाहर हो गए, त्रुटियां निम्नानुसार है। पद नाम परिवर्तन के लिए जो वरिष्ठता सूची प्रकाशित कर कौसिलिग हेतु शिक्षकों को आमंत्रित किया गया, उसमें भारी विसंगति है, जूनियर शिक्षक को पहले क्रम में रखकर सीनियर शिक्षकों को नीचे क्रम में बुलाया गया, पूरी सूची एल्फाबेट कर दिया गया, जिससे सीनियर शिक्षकों का नाम नीचे दर्ज हो गया,अन्तर निकाय, स्थानांतरण, अथवा पदोन्नति शिक्षकों का भी नाम ऊपर दर्ज किया गया उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक के कालम में प्रथम नियुक्ति के स्थान पर वही पुरानी ज्वानिंग तिथि अंकित किया गया, ताकि वो वरिष्ठता क्रम में ऊपर रहें जबकि उच्च पद प्रभार नियमानुसार उनकी वरिष्ठता नीचे हो जाती है,प्रथम नियुक्ति दिनांक समान होने पर जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठता निर्धारण का नियम है, परन्तु इस सूची में प्रथम नियुक्ति दिनांक समान एवं जन्मतिथि में कम होने वाले शिक्षकों को ही वरिष्ठता क्रम में ऊपर रख सीनियरों को जूनियर बना दिया गया गया, जिससे बहुत से पात्र शिक्षकों को लाभ नहीं मिल सका। त्रुटि पूर्ण वरिष्ठता सूची कौसिलिग के एक दिन पूर्व जारी करते हुए कौसिलिग 29-9-2023 को कौसिलिग आयोजित किया गया उसी त्रुटि पूर्ण वरिष्ठता सूची के आधार पर क्रमशः आमंत्रित किया, परन्तु रिक्त स्थानों का कही भी दीवाल पर न तो प्रकाशन किया गया,न ही शिक्षकों को अवगत कराया गया,शिक्षक पोर्टल में दर्ज रिक्त सूची एवं वरिष्ठता क्रम के आधार पर स्थान चयन कर स्थान हेतु अपनी मांग किया तो ज्यादा तर स्थानों को भरा हुआ बताकर दूसरी जगह हेतु स्थान मांग किया गया जबकि शिक्षकों को पता नहीं था कि कौन भरे कौन खाली, अपने मनमुताबिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए बहुत गहरी योजना के साथ कौसिलिग आयोजित हुई, वरिष्ठता क्रम में नीचे रहने वाले शिक्षकों को मनमुताबिक विद्यालय चयन हेतु मिली जबकि वरिष्ठ शिक्षकों को चयन करने हेतु दूर दराज सैकड़ों किलोमीटर की विद्यालय मिल पाई जिससे बहुत से शिक्षकों ने वरिष्ठता सूची की विसंगति एवं वरिष्ठता क्रम के आधार रिक्त विद्यालयों की सूची उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण बहुत से वरिष्ठ शिक्षकों ने स्थान चयन नहीं कर सकें पात्र की जगह अपात्रों को मिला भरपूर मौका।



## तीन हजार का ईनामी फरार आरोपी नीरज शाहू
## 01 वर्ष से था फरार, कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

रीवा। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह की पुलिस टीम ने एक साल से फरार आरोपी नीरज शाहू जो दिनांक 25.05.22 को फरियादी निकिल वर्मा उर्फ छोटू पिता लक्ष्मण वर्मा थाना उपस्थित आकार रिपोर्ट किया की पुराने विवाद को लेकर आरोपी 1. नीरज शाहू 2. विजय गुप्ता 3. सागर पंडित तीनो ने मिलकर फरियादी को रात्रि में गुढहाई बाजार बुलाकर जान से मरने की नियत से मारपीट किए है फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना सिटी कोतवाली रीवा में अपराध क्रमांक 499/2022 धारा 294,307,506,34 प्रकरण दर्ज किया जाकर विवेचना में लिया गया दौरान विवेचना प्रकरण में 02 आरोपी पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुके है एवं प्रकरण का मुख्य आरोपी नीरज शाहू जो घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहा था जिसकी पातासाजी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय रीवा द्वारा 3000 रूपये का ईनाम राशि की उदघोषित किया गया था जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया द्य आरोपी एक अद्यतन अपराधी है जिसके खिलाफ पूर्व में थाना सिटी कोतवाली रीवा में 10 से अधिक अपराध पंजीबद्ध हैं।

**आरोपी-** नीरज शाहू पिता मुन्नालाल शाहू उम्र 23 साल निवासी कटरा तलैया थाना सिटी कोतवाली रीवा जिला रीवा

**महत्वपूर्ण भूमिका-** उप निरीक्षक विजय प्रताप सिंह, सहायक उप निरीक्षक महेंद्र त्रिपाठी प्र.आर. राजेश सिंह बलराम पासी, आशीष सिंह आर. रवि पांडेय।

## मऊगंज में आयोजित हुआ स्वच्छ भारत मिशन कायक्रम



**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

**मऊगंज।** स्वच्छ भारत मिशन पर व्यवहार न्यायालय मऊगंज मे स्वच्छता मिशन पर बढ़ चढ़कर भाग लिया गया !जिसमें न्यायाधीश श्रीमान अनिल कुमार सिंह जी व न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमान आशीष मिश्रा,श्रीमान राहुल कुमार नामदेव, श्रीमान साजिद मोहम्मद जी उपस्थित रहे और अधिवक्ता संघ मऊगंज के अध्यक्ष श्री हरिहर प्रसाद शुक्ला, उपाध्यक्ष श्री कृष्णेन्द तिवारी, सचिव श्री अखिलेश दुबे सहसचिव भास्कर द्विवेदी, पुस्तकाध्यक्ष राजेश दुबे, अधिवक्ता संघ मऊगंज की समस्त कार्यकारिणी के संग वरिष्ठ अधिवक्तागण श्री धीरेंद्र सिंह जी श्री अनिल तिवारी, अमित श्रीवास्तव, और व्यवहार न्यायालय मऊगंज के कर्मचारीगण उपस्थित होकर स्वच्छता अभियान को बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय किसान मजदूर, महासंघ जिला इकाई मऊगंज द्वारा आवश्यक बैठक

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**



**मऊगंज।** राष्ट्रीय किसान मजदूर, महासंघ जिला इकाई मऊगंज द्वारा एक आवश्यक बैठक ब्लाक अध्यक्ष मऊगंज राम उजागर पटेल के निवास में समय सायं 4:00 बजे प्रारंभ हुई बैठक में विकास किसान बचाओ जिला में दिनांक 12 10 2023 को समय 1:00 बजे दोपहर राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं गैर राजनीतिक संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक आदरणीय शिवकुमार शर्मा कक्का जी के आगमन तैयारी को लेकर हुई बैठक में जिला संरक्षक दीनानाथ मिश्रा, जिला संयोजक नरेंद्र सिंह सेंगर, जिला मंत्री गिरीश पटेल, जिला मार्गदर्शन राकेश रतन सिंह, जिला उपाध्यक्ष बाय पी सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मऊगंज राम उजागर पटेल, कोषाध्यक्ष बृज किशोर पटेल, सरोजमणि मिश्र प्रहलाद पटेल, शंभू पटेल, चंद्रमणि पटेल, पंकज सिंह, जीवन लाल पटेल, सत्येंद्र पटेल, राम दरस पटेल, इस्ताक अंसारी, आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस कार्यालय रीवा में मनाई गई महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

*रीवा। कांग्रेस कार्यालय उर्रहट रीवा में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती गरिमापूर्ण ढंग से मनाई गई। इसके अलावा सेमरिया क्षेत्र के मनकहरी गांव में एक वृहद सम्मेलन करके अनु.जाति और जनजाति के लोगों को सम्मानित किया गया, उक्त दोनों कार्यक्रमों में रीवा के महापौर श्री अजय मिश्र बाबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।*

*कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि पूज्य बापू के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने आजादी का आन्दोलन चलाया और इसी तरह से पण्डित लालबहादुर शास्त्री जी ने जय जवान और जय किसान का नारा दिया और विश्व भर में भारत का मान ब?ाया। मनकहरी के सभा में अनु.जाति एवं जन जाति के लोगों को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि भाजपा जो सवाल करती है के कांग्रेस ने 50 वर्षों में क्या किया इसका मूल्यांकन स्वतः इस समाज के लोग कर सकते हैं कि 50 वर्ष पूर्व अनु.जाजि एवं जन जाति के लोगों का जीवन स्तर क्या था और अब क्या है। यह कांग्रेस पार्टी के ही देन है कि आज गरीब से गरीब लोगों का भोजन वस्त्र और रहन-सहन जो समाज में बड़े लोग कहे जाते हैं उनके समान ही है उन्होंने इस अवसर पर सबको दोनों हाथ उठाकर संकल्प दिलाया कि आने वाले चुनाव में सभी लोग कमलनाथ जी के नेतृत्व में म.प्र. में कांग्रेस के सरकार बनायेगे और यहां से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनायेंगे।*

*कांग्रेस कार्यालय की सभा को श्री लखनलाल खण्डेलवाल, वसीम राजा, शिवप्रसाद प्रधान, मुस्ताक खान, लियाकत अली, गोविन्द दास तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी, बविता साकेत, और मनकहरी की सभा को मुख्य रूप से त्रियुगी नारायण शुक्ला, प्रदीप सोहगौरा, लालमणि पाण्डेय, गाजेन्द्र द्विवेदी, सुन्दरलाल चौधरी, हेमराज साकेत, अमित कोल, रमेश प्रताप सिंह, जीतेन्द्र सिंह, राजेन्द्र शुक्ला, शैलेन्द्र शुक्ला, रावेन्द्र तिवारी, लालमणि तिवारी, सीता राम तिवारी आदि ने संबोधित किया।*





# थर्ड नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी-20 क्रिकेट में नजर आ रहा दिव्यांगों का जोश

**उदयपुर।** उदयपुर में नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रही थर्ड नेशनल फिजिकल डिसेबिलिटी टी-20 क्रिकेट में दिव्यांगों का जोश नजर आ रहा है। चैम्पियनशिप के तीसरे दिन शनिवार को 4 ग्राउंड पर 8 मुकाबले खेले गए।

पहली पारी में फील्ड क्लब में जम्मू कश्मीर बनाम पंजाब के मध्य मैच हुआ। टॉस जम्मू कश्मीर ने जीत कर पहले बैटिंग कर निर्धारित ओवर में 8 विकेट पर 170 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम 20 ओवर में 8 विकेट खो 138 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच जेके के माजिद रहे। हरियाणा बनाम तमिलनाडु के बीच मैच हुआ। टॉस हरियाणा ने जीत पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला लिया। तमिलनाडु टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 158 का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा टीम ने 6 विकेट पर 158 रन बना जीत अपने नाम की। मैन ऑफ द मैच हरियाणा के सन्नी रहे। उन्होंने ऑलराउंडर प्रदर्शन करते हुए 32 बॉल में 2 चौके, 5 छक्के जड़े व 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट चटकाए।



# भारत ने टेनिस मिश्रित युगल स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**हांगझू।** भारतीय टेनिस जोड़ी रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने हांगझू में 19वें एशियाई खेलों में टेनिस मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता। रोहन-रुतुजा की जोड़ी को मैच के शुरुआती सेट में संघर्ष करना पड़ा और चीनी ताइपे के एन-शुओ लियांग और त्सुंग-हाओ हुआंग के खिलाफ पहला सेट 6-2 से हार गई। भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की और बाद में खेल में अपना दबदबा बनाते हुए अपने विरोधियों को सीधे दो सेटों में 3-6 और 4-10 से हरा दिया। भारतीय जोड़ी ने मैच 2-6, 6-3,10-4 से जीता। यह मैच लगभग एक घंटे से अधिक समय तक चला लेकिन भारत ने स्वर्ण पदक जीतने में कोई गलती नहीं की। इससे पहले मिश्रित युगल सेमी फाइनल में, 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने चीनी ताइपे के यू-हसिउ सू और हाओ-चिंग चांग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपे को 6-1, 3-6, 10-4 से हराकर एशियाई खेल 2023 में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया। टेनिस प्रतियोगिताएं 24 सितंबर को शुरू हुई और शनिवार को मिश्रित युगल फाइनल में बोपन्ना-भोसले के स्वर्ण पदक जीतने के साथ समाप्त हुई। भारतीय दल 19वें एशियाई खेलों की पदक तालिका में कुल 35 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। जिसमें नौ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल है।




# सुब्रतो कप सब-जूनियर (अंडर 14) बॉयज़ केटेगरी मुकाबले कल से बेंगलुरु में

**बेंगलुरु।** सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के 62वें संस्करण का सब-जूनियर (अंडर 14) बालक वर्ग कल से बेंगलुरु में शुरू होगा। इतिहास में यह पहली बार है, जब देश के सबसे प्रतिष्ठित इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट की राष्ट्रीय चैंपियनशिप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बाहर खेली जा रही है। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसाइटी (एसएमएसईएस) की लंबे समय से इच्छा रही है कि वह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के कोने-कोने में फैलाए और बेंगलुरु का गार्डन सिटी में सब-जूनियर लड़कों का टूर्नामेंट उस पहल की शुरुआत है। रुप चरण के मैच एयर फोर्स स्कूल, जलाहल्ली, एयर फ़ोर्स स्कूल, येलहंका और एयर फ़ोर्स ट्रेनिंग कमांड में खेले जाएंगे। सभी नॉकआउट मैच आर्मी सर्विस कोर (एएससी) सेंटर में खेले जाएंगे।

श्रेणी का पहला मैच एच.के. सिंह मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल, वेस्ट जैंतिया हिल्स, जोवाई, मेघालय और सैनिक स्कूल, तिलैया, कोडरमा, झारखंड (सैनिक स्कूलों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं) के बीच ग्रुप ए का मुकाबला होगा । यह मैच एयर फ़ोर्स स्कूल, जालाहल्ली में सुबह 7 बजे से खेला जाएगा। रुप चरण के मैचों में बांग्लादेश की एक टीम सहित 37 टीमें प्रतिष्ठित खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्हें आठ समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक समूह के विजेता क्वार्टर फाइनल के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।

# एशियाई खेल : मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने जीता कांस्य पदक, ओलंपिक कोटा सुनिश्चित किया

**हांगझोउ।** विश्व चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय मुक्केबाज परवीन हुड्डा ने महिलाओं की 57 किग्रा स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाकर एशियाई खेलों में पदक सुनिश्चित करने के साथ पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। विश्व चैम्पियनशिप में 63 किग्रा में पदक जीतने वाली परवीन ने यहां क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान की सितोरा तर्दिबेकोवा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।

राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लम्बोरिया 60 किग्रा क्वार्टर फाइनल मुकाबले में उत्तर कोरिया की मुक्केबाज वोन उन्ग्योंग से दूसरे दौर में आरएससी (रेफरी द्वारा मैच रोकने) से हारने के बाद बाहर हो गई। मौजूदा एशियाई चैंपियन परवीन अपने मुकाबले में शुरू से ही लय में दिखी। उन्होंने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए 21 साल की प्रतिद्वंद्वी को बाएं और दाएं दोनों ओर से मुक्के



जड़े। परवीन ने शुरुआती दौर में आक्रामक रवैया अपनाया लेकिन इसके बाद तर्दिबेकोवा को अपने करीब आने का मौका दिया और फिर सटीक पंच जड़े। तर्दिबेकोवा ने भी इस दौरान कुछ अच्छे मुक्के बनाकर परवीन को पंच जड़े लेकिन यह काफी नहीं था। जैस्मीन ने पहला दौर 5-0 से अपने नाम किया। उन्होंने इसके बाद अपने 'हेड गियर' को सही तरीके से लगाने की मांग की। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद एकाग्रता गंवा दी और वोन ने उन्हें करारे हुक्स तथा जैब्स जड़ दिए। जैस्मीन इसके बाद बचाव की मुद्रा में आ गई और इसका फायदा उठाते हुए वोन ने उन्हें और पंच लगाए जिससे वह एक-एक कर तीन बार कोर्ट में गिर गई। तीसरी बार कोर्ट में गिरने के बाद वोन को विजेता घोषित कर दिया गया।

दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और नरेंद्र बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) पहले ही अपने-अपने वर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं। महिला वर्ग में 50 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा और 60 किग्रा में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले और 66 किग्रा तथा 75 किग्रा में फाइनल में पहुंचने वाले मुक्केबाजों को पेरिस ओलंपिक का कोटा मिलेगा। पुरुष वर्ग में सात वजन वर्गों से स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को ओलंपिक कोटा मिलेगा।

# पुरुष निशानेबाजी टीम ने जीता गोल्ड, महिला टीम को सिल्वर

**हांगझोउ ।** भारत के निशानेबाजों ने भी अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए पुरुष निशानेबाजी टीम ने स्वर्ण, महिला टीम ने रजत जीत लिया। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर सिंह संधू और किनान डेरियस चेनाई ने पुरुषों की



निशानेबाजी टीम ने शानदान प्रदर्शन कर 361 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में कुवैत को रजत पदक जबकि चीन को तीसरे स्थान का कांस्य पदक मिला। दूसरी ओर राजेश्वरी कुमारी, कीर मनीषा और रजक प्रीति की महिला निशानेबाजी टीम ने स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम को 337 के स्कोर के साथ रजत पदक मिला, जबकि चीन की टीम ने 357 के साथ स्वर्ण और कजाकिस्तान की टीम ने 336 के साथ कांस्य पदक जीता।

# अश्विन बोले- यह मेरा आखिरी क्रिकेट विश्व कप , टीम में चयन की उम्मीद नहीं थी

**गुवाहाटी।** रविचंद्रन अश्विन ने स्वीकार किया कि 5 अक्टूबर से शुरु होने वाला आगामी क्रिकेट विश्व कप भारत की ओर से उनका अंतिम विश्व कप हो सकता है जिसमें इस अनुभवी स्पिनर को चोटिल अक्षर पटेल की जगह मेजबान टीम की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है।

अश्विन ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ समाप्त श्रृंखला के पहले दो वनडे में शानदार प्रदर्शन किया और इसके बाद उन्हें पटेल की जगह टीम में चुना गया। भारत के शनिवार को यहां गत चैम्पियन इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच से पहले 37 वर्षीय अश्विन ने मैच से पूर्व बातचीत में यह बात स्वीकार की। अश्विन ने कहा कि मैं अच्छी लय में हूं और इस टूर्नामेंट का लुत्फ ले रहा हूं जो मुझे अच्छी लय में रखेगा। यह भारत के लिए मेरा अंतिम विश्व कप हो सकता है इसलिए टूर्नामेंट का आनंद लेना सबसे अहम है। उन्होंने भारतीय टीम में अपने चयन के बारे में कहा कि मैं इसके बारे में (टीम में चयन) में कहता कि आप मजाक कर रहे हो। लेकिन जीवन कई उतार चढ़ाव से भरा होता है।



ईमानदारी से कहूं तो मैंने नहीं सोचा था कि मैं यहां टीम के साथ मौजूद रहूंगा। परिस्थितियों ने सुनिश्चित किया कि मैं आज यहां हूं, टीम प्रबंधन ने भरोसा दिखाया है। अश्विन ने विश्व कप इतिहास में भारत के लिए 10 मैच खेले हैं जिसमें अंतिम मुकाबला 2015 में था। उन्होंने 24.88 के औसत से 17 विकेट झटके हैं और इसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 रन देकर 4 विकेट था। मौजूदा भारतीय टीम में विराट कोहली के अलावा अश्विन एकमात्र सदस्य हैं जो 2011 में विश्व कप विजयी अभियान का हिस्सा थे। अश्विन ने कहा कि दबाव से निपटना अहम होगा। उन्होंने कहा कि आप इतना ही कर सकते हो कि गेंद दोनों तरीके से टर्न कराओ और मुझे लगता है कि मैं ऐसा कर सकता हूं। इन टूर्नामेंट में दबाव से निपटना अहम होता है और इससे ही तय होगा कि टूर्नामेंट कैसा रहता है।

# अदिति आखिरी दौर में फिसली, महिला गोल्फ में रजत से होना पड़ा संतुष्ट

**हांगझोउ ।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक एशियाई खेलों की महिला गोल्फ स्पर्धा के आखिरी दिन रविवार को यहां अपनी लय बरकरार नहीं रखी सकी और 73 का निराशाजनक कार्ड खेलकर रजत पदक अपने नाम किया। महिला गोल्फ में यह भारत का पहला पदक है।

अदिति के पास तीसरे दौर के बाद तालिका में शीर्ष पर सात शॉट की बड़ी बढ़त थी। उन्होंने एक बर्डी के मुकाबले चार बोगी और एक डबल बोगी कर के इस बढ़त को गंवा दिया और दूसरे स्थान पर खिसक गईं। इस 25 साल की खिलाड़ी का कुल स्कोर 17 अंडर 271 रहा। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ 64 का कार्ड खेल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कोरिया की ह्युनजो यू ने भी 65 का शानदार कार्ड खेलकर कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा में भाग ले रही भारत की दो अन्य महिलाएं प्रणवी उर्स (13वां स्थान) और अवनी प्रशांत (संयुक्त 18वां स्थान) ने भी आखिरी दिन निराशा किया। प्रणवी ने 75 जबकि अवनी ने 76 का कार्ड



खेला जिससे भारत टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर खिसककर पदक से चूक गयी। अदिति स्वर्ण पदक से चूक गयी लेकिन दो बार की इस ओलंपिक खिलाड़ी ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। वह तोक्यो ओलंपिक में भी मामूली अंतर से पिछड़ कर चौथे स्थान पर रही थी।

यह गोल्फ में भारत का चौथा व्यक्तिगत पदक था। लक्ष्मण सिंह और शिव कपूर ने 1982 और 2002 सत्र में स्वर्ण पदक जीता था जबकि राजीव मेहता ने नयी दिल्ली (1982) में रजत पदक जीता था।

लक्ष्मण, राजीव, ऋषि नारायण और अमित लूथरा की भारतीय टीम ने 1982 में टीम स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने दोहा और ग्वांग्झू में 2006 और 2010 सत्र में टीम स्पर्धा का रजत पदक हासिल किया था।

# पोनीटेल में दिखे महेंद्र सिंह धोनी, नया लुक हो रहा जमकर वायरल

**नई दिल्ली।** एमएस धोनी ने भले ही 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से अलविदा बोल दिया था लेकिन अपनी उपलब्धियों और छवि के कारण वह हर समय चर्चा में बने रहते हैं। धोनी 42 साल की उम्र में दुनिया में सबसे प्रभावशाली और फॉलो किए जाने वाले शख्सियतों में से एक हैं। धोनी को उनके फैंस कारों और बाइक रखने के शौक के कारण भी जानते हैं। वह समय समय पर नए हेयर स्टाइल भी



अपनाते हैं जिन्हें उनके फैंस खूब पसंद करते हैं। इसी बीच धोनी की लंबे बालों में एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। धोनी इसमें पोनीटेल बांधे नजर आ रहे हैं। धोनी की यह लुक क्रिकेट फैंस को उनके शुरुआत वर्षों की झलक दिला रही है। धोनी ने जब क्रिकेट जगत में पदार्पण किया था तब उनके बाल लंबे थे। बहरहाल, एक विज्ञापन के लिए धोनी नई लुक में दिखे। धोनी ने बिल्कुल वैसी ही पोनीटेल बनाई हुई थी जो कभी शाहरुख खान बनाया करते थे। माही ने बतौर कप्तान आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स को अपना 5वां आईपीएल खिताब दिलाया था। अब उनकी नई लुक देखकर लोग अनुमान लगा रहे हैं कि माही एक बार फिर से लंबे बाल रख रहे हैं ताकि 2024 में जब वह क्रिकेट जगत को अलविदा बोले तो वह वहीं लुक में रहे जैसा उन्होंने क्रिकेट पदार्पण के दौरान रखी थी।

# बांग्लादेश में सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग में अभिनेत्री से मारपीट, रोते हुए बोली- चौका नहीं दिया

**ढाका।** बांग्लादेश में सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग के दौरान अंपायर के एक फैसले से दोनों टीमों के प्लेयर इतना भड़क गए कि मारपीट की नौबत आ गई। गुस्साए एक पक्ष ने महिला अभिनेत्री को पीट दिया। बताया जा रहा है कि मामला एक चौका न देने के कारण बढ़ा था। एक पक्ष का कहना था कि गेंद बाऊंड्री रोप पार कर गई थी इसलिए चौका दिया जाना चाहिए। जबकि दूसरा पक्ष इससे सहमत नहीं था। मारपीट इतनी बढ़ गई कि आयोजकों को क्रिकेट लीग को रद्द करना पड़ा।

मारपीटके दौरान जमकर लात-घूंसे, बल्ला और कुर्सी चलीं। इसमें 6 खिलाड़ी जख्मी हो गए जिन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि फिल्म निर्माता मुस्तफा कमाल राज और दीपांकर दीपोन की टीम के बीच ग्रुप स्टेज मैच में भयानक लड़ाई हुई थी। घायल लोगों की पहचान शिशिर सरदार, राज रिपा, जॉय चौधरी, अतीकुर रहमान, शेख शुवो और आशिक



जाहिद के रूप में हुई है। राज रिपा ने सोशल मीडिया पर कहा कि सबने देखा कि मैच के दौरान क्या हुआ। गेंद चार रन के लिए जा चुकी थी लेकिन मैनेजमेंट ने इसे माना नहीं। राज रिपा ने कहा कि अगर उनके करियर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचता है तो उसके लिए मुस्तफा कमाल राज जिम्मेदार होंगे। वहीं, राज ने कहा है कि कमाल राज की टीम के खिलाड़ियों ने उनके उपर पानी की बोतलें फेंकी हैं। उनकी टीम के खिलाड़ी शराब पीकर मैच खेल रहे थे।

# 'तीन विश्व कप हो चुके हैं, अब मुझे इसकी आदत हो गई है', चहल का छलका दर्द

**नई दिल्ली।** युजवेंद्र चहल को 2023 विश्व कप में जगह नहीं मिल पाने पर 'बुरा लग रहा है', लेकिन वह आगे बढ़ने और भारतीय टीम में वापसी के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए दृढ़ हैं। एक साक्षात्कार में चहल ने 2023 विश्व कप नहीं खेलने की निराशा पर खुलकर बात की, जिसकी मेजबानी पूरी तरह से भारत में की जाएगी। चहल को भारत की अंतिम पंद्रह में जगह नहीं मिली जिसकी पुष्टि 28 सितंबर को हुई।

चहल ने कहा, 'मैं समझता हूं कि केवल 15 खिलाड़ी ही इसका हिस्सा हो सकते हैं, क्योंकि यह विश्व कप है, जहां आप 17 या 18 को नहीं ले सकते। मुझे थोड़ा बुरा लगता है, लेकिन जीवन में मेरा मकसद आगे बढ़ना है। मुझे अब इसकी आदत हो गई है... तीन विश्व कप हो गए हैं (हंसते हुए)।' 2016 में अपने पदार्पण के बाद से चहल ने एक भारतीय गेंदबाज द्वारा वनडे में तीसरे



सबसे अधिक विकेट लिए है और कुलदीप यादव के बाद एक भारतीय स्पिनर द्वारा दूसरा सबसे अधिक विकेट लिया है। उनके नाम दो बार पांच विकेट हैं - जो किसी भी भारतीय गेंदबाज द्वारा संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। तेज गेंदबाजों के प्रभुत्व वाले 2019 विश्व कप में चहल ने किसी भी स्पिनर द्वारा सबसे अधिक 12 विकेट लिए और तब से वह भारत के अग्रणी सफेद गेंद वाले स्पिनरों में से एक हैं।

# भारत और इंग्लैंड के बीच विश्व कप का अभ्यास मैच रद्द

**गुवाहाटी।** भारत और इंग्लैंड के बीच गुवाहाटी में आईसीसी विश्व कप का अभ्यास मैच बारिश और तूफान के कारण रद्द कर दिया गया है। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच अभ्यास मैच के बाद आज भारत



और इंग्लैंड के बीच शाम 4.30 बजे अभ्यास मैच होना था।

इसी बीच दोपहर करीब 03 बजे तूफान के साथ आई मूसलाधार बारिश के कारण स्टेडियम के बाहर और अंदर हर तरफ पानी भर गया।

हालांकि, स्टेडियम को कवर अप करके रखा गया था। लेकिन, बारिश इतनी तेज हुई कि स्टेडियम कि साथ-साथ बाहर सड़कों पर भी पानी जमा हो गया। बारिश लगातार होती रही, जिसके कारण आखिरकार मैच को रद्द कर देना पड़ा।

# भारत के नाम दर्ज हुई बड़ी जीत, एक दिन में दो बार हार गया बेचारा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को एक दिन में दो बार हार का सामना करना पड़ा, वो भी भारत के सामने। एशियन गेम्स 2023 में भारत ने पहले स्क्वॉश में मेंस टीम के मैच में पाकिस्तान को फाइनल में हराते हुए गोल्ड मेडल जीता। वहीं इसके ठीक 4 घंटे बाद भारतीय मेंस हॉकी टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी जीत हासिल की। यह मैच एकतरफा रहा, क्योंकि भारत ने 10-2 के साथ पाकिस्तान को चारों खाने चित किया। इसी के साथ भारत ने पाकिस्तान के लिए सेमीफाइनल में पहुंचने की राह को भी मुश्किल कर दिया।

इसी के साथ भारत ने हॉकी में पाकिस्तान के खिलाफ नया रिकॉर्ड भी बना लिया। यह रिकॉर्ड है किसी एक मैच में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे ज्यादा गोल दागने का। दोनों टीमों के बीच इससे पहले सबसे बड़ा स्कोर 9-2 था, जो भारत ने ही हासिल किया था। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सबसे ज्यादा 4 गोल दागे। हीं वरुण भी 2 गोल करने में कामयाब रहे। इसके अलावा शमशेर, मनदीप, ललित और सुमित ने एक-एक गोल किया। बता दें कि पहले हॉफ से अपनी पकड़ को मजबूत करते हुए 2-0 से खत्म किया था। फिर दूसरे हॉफ में स्कोर लाइन 4-0 तक पहुंच गई थी। तीसरे हॉफ का खेल शुरू होने के साथ भारत ने अपनी लय को बरकरार रखते हुए पेनल्टी स्ट्रोक के जरिए अपना पांचवां गोल किया। वहीं इसके बाद पाकिस्तान की तरफ से पेनल्टी स्ट्रोक में 1 गोल आया , पर भारत ने 2 और गोल कर दिए। तीसरे हॉफ तक भारत 7-2 से आगे था। फिर आखिरी क्वार्टर में अपनी लय को बरकरार रखते हुए 3 और गोल करने के साथ 10-2 के अंतर से इस मैच को खत्म किया। अब भारत का पूल ए में आखिरी मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ होगा। पूल ए के अपने पिछले तीनों मैचों में भारतीय टीम ने जोरदार जीत दर्ज की थी। उज्बेकिस्तान और सिंगापुर जैसी कमजोर टीमों पर तो टीम इंडिया ने 16-16 गोल कर तहलका मचा दिया था, जबकि मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन जापान को 4-2 से धूल चटाई थी।

# ग्राम पंचायत देरखी में मनाई महात्मा गांधी का जन्म जयंती

## महात्मा गांधी मानव नहीं बल्कि महामानव थे: करूणा फेलो मोनिका रैकवार

सिरोंज /गंजबासौदा
पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के उपलक्षय में ग्राम पंचायत देरखी मे ग्राम सभा एवं गांधी संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें गांधी जी की विचारधारा को प्रासंगिक रूप देते हुए पीरामल फाउंडेशन से करुणा फेलो मोनिका रैकवार ने बताया कि गांधी मानव नहीं बल्कि महा मानव के रूप में अवतरित हुए थे जिन्होंने शिक्षा ,स्वास्थ्य, स्वच्छता जैसे विषयों पर जीवन पर्यंत कार्य करते हुए स्वयं को राष्ट के लिए समर्पित कर दिया था साथ ही ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत के सचिव रणवीर सिंह दांगी, सहायक रोजगार राजनेश रघुवंशी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रश्मि यादव, राशन वितरित करने वाली अध्यक्ष, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे , जिसमें पंचायत परिस्थितियों के द्वारा मध्य प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया एवं पात्र हितग्राहियों को लाभ देने की बात कही।

## कांग्रेस द्वारा मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती

दैनिक पुष्पाजली टुडे



**मौ।** मौ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर में गांधी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर मौ नगर में कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पमाला पहनाकर बड़े ही धूमधाम से मनाई गई।इस मौके पर कांग्रेस जिला महामंत्री राजीव कौशिक ने कहा कि आज देश को गांधीवादी विचारधारा से जोड़ने की जरूरत है। क्योंकि देश को तोड़ने में कई असामाजिक तत्व लगे हुए हैं ऐसे में जरूरत है कि हमें नैतिकता के साथ साथ गांधीवादी विचारधारा को दिल में रखते हुए एक दूसरे से भाई चारा अपनाना चाहिए एवं सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए।पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने देश को खाद्यान में आत्म निर्भर बनाया उन्हें हमेशा याद किया जायेगा।जयंती में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ता कमलेश सोनी आजाद नवी डॉ रणवीर सिंह यादव सोनपाल यादव दीपक तिवारी राम अवतार शिवहरे धर्मेंद्र बाबा रामेश्वर यादव मण्डलम अध्यक्ष इकबाल खान जायद खान तिलक सिंह इरशाद खान मनोहर गोर रटटी शाह मुन्ना अंसारी कल्लू गुर्जर आलोक मिश्रा पुष्पेंद्र जदोन छोटे लाल यादव मनोज गोयल बासुदेव जाटव डॉ राधेश्याम कुशवाह दिनेश यादव खुर्रम खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यूआईडीएआई सीईओ अमित अग्रवाल को मिला एक साल का सेवा विस्तार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित अग्रवाल का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। वरिष्ठ नौकरशाह अमित अग्रवाल को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है।

सरकार की ओर से जारी एक अन्य अधिसूचना में यूआईडीएआई के सीईओ के तौर पर अमित अग्रवाल को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने यूआईडीएआई के सीईओ के रूप में अग्रवाल के कार्यकाल को दो नवंबर, 2023 के बाद एक साल की अवधि के लिए 2 नवंबर, 2024 तक बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है



कि अमित अग्रवाल छत्तीसगढ़ कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा(आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने भारत सरकार और छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश की राज्य सरकार में विशेषकर प्रौद्योगिकी, वित्त, नवप्रवर्तन और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में शीर्ष पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

# आरबीआई ने दो हजार के नोट बदलने की तारीख सात अक्टूबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दो हजार रुपये के नोट को बैंकों में जमा करने या दूसरे नोटों से बदलने की अंतिम तारीख 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। अभी तक इसको बदलने या जमा करने की आखिरी तारीख 30 सितंबर थी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने जारी सर्कुलर में यह जानकारी दी।

आरबीआई ने कहा कि रिव्यू के बेस पर 2000 रुपये के नोट को जमा और बदलने की मौजूदा व्यवस्था को 7 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है। चूंकि विड्रॉल प्रोसेस का निर्धारित समय खत्म हो गया है, रिव्यू के बेस पर दो हजार रुपये के नोट जमा करने और बदलने की मौजूदा व्यवस्था को सात अक्टूबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले रिजर्व बैंक ने इसी साल 19 मई को एक सर्कुलर में



30 सितंबर तक 2000 के नोट बैंकों में जमा करने या बदलने के लिए कहा था। आरबीआई ने उस समय यह कहा था कि दो हजार रुपये का नोट इसके बाद भी लीगल रहेगा।

# सीबीडीटी चेयरमैन नितिन गुप्ता का कार्यकाल नौ महीने बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता का कार्यकाल नौ महीने के लिए बढ़ा दिया है। सरकार की एक अधिसूचना में नितिन गुप्ता को उनकी निर्धारित सेवानिवृत्ति के दिन सेवा विस्तार दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एक अक्टूबर 2023 से 30 जून 2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर नितिन गुप्ता को सीबीडीटी चेयरमैन



के रूप में फिर से नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है। नितिन गुप्ता आयकर विभाग के 1986 बैच के भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं। 60 वर्षीय गुप्ता को केंद्र सरकार ने पिछले साल जून में सीबीडीटी प्रमुख नियुक्त किया था। वह 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। गौरतलब है कि सीबीडीटी आयकर विभाग के लिए शीर्ष नीति-निर्धारक निकाय है। इसका एक अध्यक्ष होता है। इसमें छह सदस्य हो सकते हैं जो विशेष सचिव स्तर के होते हैं।

# अक्तूबर महीने में 16 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** अक्तूबर महीने के 31 दिनों में 16 दिन बैंक बंद रहने वाले हैं। इन 16 दिनों में शनिवार और रविवार की छुट्टियां भी शामिल हैं। इसके अलावे अलग-अलग पर्व त्योहारों पर अलग-अलग राज्यों में बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। आइए जान लेते हैं आपके शहर में अक्तूबर महीने में किस-किस दिन बैंक शाखाएं बंद रहेंगी।

आरबीआई की बैंक छुट्टियों की लिस्ट देखें तो अक्तूबर महीने की शुरुआत ही छुट्टियों के साथ हो रही है। 1 अक्टूबर को रविवार होने की वजह से देशभर के बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 8, 15, 22 और 29 अक्टूबर को भी रविवार की वजह से बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 14 और 28 अक्टूबर को दूसरा और चौथा शनिवार है तो जिसकी वजह से देशभर में बैंक शाखाएं बंद रहेंगी। दो अक्तूबर को गांधी जयंती पर बैंकों में छुट्टी रहेगी। इसके अलावे




अक्तूबर महीने में बैंकों में महालया, काती बीहू, दुर्गा पूजा, दशहरा, लक्ष्मी पूजा और सरकार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर भी बैंक बंद रहें। आइए अक्तूबर महीने में शनिवार और रविवार के अलावे बैंक छुट्टियों की पूरी लिस्ट देखते है-

**अक्तूबर महीने की बैंक छुट्टियों की लिस्ट**

2 अक्तूबर: (सोमवार)- गांधी जयंती- राष्ट्रीय अवकाश

14 अक्तूबर: (शनिवार)- महालया- कोलकाता में बैंक बंद

18 अक्तूबर: (बुधवार)- कटि बिहू- असम में बैंक बंद

21 अक्तूबर: (शनिवार)- दुर्गा पूजा (महा सप्तमी)- त्रिपुरा, असम, मणिपुर और बंगाल में बैंक बंद

23 अक्तूबर: (सोमवार)- दशहरा (महानवमी)/आयुध पूजा/दुर्गा पूजा/विजय दशमी- त्रिपुरा, कर्नाटक, उड़ीसा, तनिलनाडु, असम, आंध्र प्रदेश, कानपुर, केरल, जरकाखंड, बिहार में बैंक बंद

24 अक्तूबर: (मंगलवार)- दशहरा/दशहरा (विजयादशमी)/दुर्गा पूजा- आंध्र प्रदेश, मणिपुर को छोड़कर सभी राज्यों में बैंक बंद

25 अक्तूबर: (बुधवार)- दुर्गा पूजा (दसैन)- सिक्किम में बैंक बंद

26 अक्तूबर: (गुरुवार)- दुर्गा पूजा (दसैन)/विलय दिवस- सिक्किम, जम्मू-कश्मीर में बैंक

27 अक्तूबर: (शुक्रवार) दुर्गा पूजा (दसैन)- सिक्किम में बैंक बंद

28 अक्तूबर: (शनिवार)- लक्ष्मी पूजा- बंगाल में बैंक बंद

31 अक्तूबर: (मंगलवार)- सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन- गुजरात में बैंक बंद

**बैंकों की ऑनलाइन सेवाएं काम करती रहेंगी**

हालांकि अक्तूबर महीने में भी बैंक छुट्टियों के दौरान बैंकों की ऑनलाइन सेवाएं हर दिन की तरह काम करती रहेंगी। ऐसे में आप अपना काम निपटाने के लिए उसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

# डेढ़ वर्षीय बच्चे को खोज कर परिजनों को किया सुपुर्द, परिजन के खुशी से छलके आंसू

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** पुलिस अधीक्षक भिंड मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार उईके के मार्गदर्शन में इंचार्ज थाना प्रभारी देहात सुनील सिकरवार के नेतृत्व में दिनांक 02 अक्टूबर 23 को अपने घर के बाहर खेल रहे डेढ वर्षीय बालक गुम हो गया था। जिसे पुलिस ने दो घण्टे के अन्दर ढूंढकर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। 02 अक्टूबर 23 को फरियादिया श्रीमती अंजू प्रजापति नि. गंगोरा थाना सिरसागंज उ.प्र.का डेढ वर्षीय बालक घर से खेलते-खेलते हुये यदुनाथ नगर भिण्ड से कहीं चला गया। परिजनों ने उसकी खूब पतारसी की परन्तु वही नहीं मिला। तभी मोहल्लेवासियों ने डायल 100 को फोन लगाकर घटना से अवगत कराया। डायल 100 में लगे आरक्षक उदयवीर सिंह तोमर ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये तत्काल ईंचार्ज थाना प्रभारी देहात उनि सुनील सिकरवार को




अवगत कराया। डायल 100 द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर गुम हुये बालक का हुलिया पूछकर बालक की पतारसी करना प्रारम्भ कर दी, तथा एक टीम तैयार कर बच्चे की पतारसी मे लगा दी गयी। फरियादी के सूचना देने के उपरान्त करीब 02 घण्टे के अन्दर यदुनाथ नगर में रहने वाले आंशू सिंह भदौरिया ने उक्त बालक के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी पुलिस द्वारा तत्काल फरियादी से सम्पर्क कर उसे उसकी मां से मिलवाया माँ अंजू प्रजापति ने अपने बच्चे को पहचान लिया और गले से लगा लिया। बाद बच्चे को उसकी मां को सुपुर्द किया तो बच्चे के परिजनों के आंखो से आंशू छलक आये उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार, प्रधान आरक्षक केशव भदैरिया, आरक्षक उदयवीर सिंह तोमर,देवेन्द्र शर्मा, संजीव पाराशर तथा आंशू भदौरिया निवासी यदुनाथ नगर भिण्ड की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भारत-अर्जेंटीना ने सामाजिक सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए, दूतावास ने जारी किया बयान

**नई दिल्ली।** भारत और अर्जेंटीना ने एक सामाजिक सुरक्षा समझौते (एसएसए) पर हस्ताक्षर किए। अर्जेंटीना के श्रम, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा मंत्री राकेल किस्मर डी ओल्मोस की उपस्थिति में अर्जेंटीना में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया और अर्जेंटीना के विदेश, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वरशिप मंत्री सैंटियागो कैफिएरो ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान के अनुसार यह समझौता अस्थायी आधार पर दूसरे देश में काम करने वाले कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को किसी भी कमी, संशोधन, निलंबन या दमन की स्थिति में स्थानीय कानून के अनुसार सेवानिवृत्ति या पेंशन के लिए नकद भत्ता, किराया, सब्सिडी या एकमुश्त भुगतान जैसे अंशदायी लाभों के अधिकार प्रदान करता है। यह एयरलाइनों और जहाजों के चालक दल के सदस्यों सहित अलग-अलग श्रमिकों के संबंध में बीमा अवधि को विनियमित करने वाले कानूनी ढांचे की स्थापना करता है। भारत और अर्जेंटीना के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। टीसीएस, इंफोसिस, क्रिसिल, बजाज मोटरसाइकिल, रॉयल एनफील्ड, हीरो मोटर्स, टीवीएस, ग्लेनमार्क और गोदरेज सहित कई भारतीय कंपनियों ने अर्जेंटीना में एक अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। ग्लोबेंट और टेचिन सहित अर्जेंटीना की कंपनियों का भी भारत में बड़ा परिचालन है।



अर्जेंटीना में भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए लघु या दीर्घकालिक अवधि के लिए इंट्रा-कंपनी ट्रांसफर के तहत काम करने वाले भारतीय पेशेवरों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

अर्जेंटीना के ऐसे नागरिकों की संख्या भी बढ़ रही है जो भारत में रोजगार की तलाश कर रहे हैं। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, लोगों के बीच बढ़ते आदान-प्रदान ने उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक कानूनी ढांचे की आवश्यकता पैदा कर दी है। अर्जेंटीना में भारतीय दूतावास ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा समझौते पर विस्तृत लेकिन त्वरित बातचीत के बाद हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों देशों में सामाजिक सुरक्षा की दिशा में किए गए लाभों या योगदान के नुकसान के खिलाफ पेशेवरों और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा।

यह पेशेवरों और श्रमिकों को अधिक सुविधा प्रदान करेगा। विज्ञप्ति के अनुसार, यह दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निर्माण की दिशा में उठाया गया एक और कदम है, जो दोस्ती के गहरे पारंपरिक बंधन साझा करते हैं।

# अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ (रजि.) बैंगलोर का अधिवेशन सम्पन्न

पुष्पाजंली टुडे

**बैंगलूरू ।**अखिल भारतीय कुम्भकार महासंघ (रजि.) का प्रान्तीय अधिवेशन होटल मोर्य मे रविवार को आयोजित हुआ। जिसमे अखिल भारतीय कुम्भकार महासंघ (रजि.) के राष्ट्रिय अध्यक्ष आर. बी . के. प्रजापती ने प्रजापत समाज के बैंगलोर कि दस संस्थाओ के पदाधिकारीयो को सम्बोधित कर संघ कि गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। संघ मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार कामगारों के उत्थान और इस कला को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊँचाइयों देने का काम लंबे समय से करता आया है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कामगारों तक पहुंच बनाकर केन्द्र और राज्य सरकारों के अधिन बोर्ड गठन कर माटी कला से जुडे लोगो को सब्सिडी और आर्थिक सहयोग कर उनके द्वारा बनाये गये उत्पाद को अन्तराष्ट्रीय बाजार मे पहुंच बनाकर बढावा देकर उनकी आय को बढाने का काम संगठन करता आया है। और आशा व्यक्त कि कि कुम्हार प्रजापत समाज के पुरे भारत वर्ष के दस करोड के लोगो को इसका फायदा मिले। संगठन प्रजापत समाज कि राजनीतिक भागीदारी तय करने के लिए विभिन्न पार्टियों से प्रजापत समाज के लिए टीकट की मांग भी करता आया है। और कर्नाटक सरकार से भी संपर्क कर माटीकला बोर्ड गठन कर प्रजापत समाज कि प्राथमिकता देकर वरियता देने का आश्वासन भी दिया। और प्रजापत समाज कि राजनीतिक जागरूकता भी होना जरुरी है। समय के साथ हमारा समाज राजनितिक रूप से भी आगे बढे। इस मौके पर बैंगलुरू प्रजापत समाज कि दस संस्थाओ के पदाधिकारी मौजूद रहे सभी संस्थाओं के द्वारा अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ (रजि.)के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. बी. के. प्रजापति, दत्ता कुमार राष्ट्रीय चेयरमैन माटी कला विकास विभाग, नथमल नैशनल कोषाध्यक्ष, नागनाथ कुंम्भार उपाध्यक्ष, कज़ाकुट्टम सी. शशिकुमार, प्रदेश अध्यक्ष महासंघ केरल, सजीता महिला अध्यक्ष केरला, मनीषा महिला अध्यक्ष गोवा, सतीश अध्यक्ष गोवा, का बहुमान शाल और मैसुर पैठा (साफा) से किया गया। इस मौके पर बेंगलुरू कर्नाटक प्रजापत समाज के जीवाराम घोडेला, हरीराम बेतेडिया, मांगीलाल कालबाल, मललाराम पडाया, घेवरराम, राजूराम, मदनलाल कपूरपरा, कुननाराम साडीवाल, मदनलाल रावरीया, ओमप्रकाश, पुनाराम, श्रवण कुमार सांचोरा, हिरालाल, पुखराज, कैलाश, भीकाराम प्रजापत, पेमाराम, प्रमोद, जयराम भडकोलिया, मिश्रीलाल, रमेश कुमार, कानाराम, डायाराम, जगदीश कुमार, देवाराम, मोहनलाल मेडिकल, मदन लाल, पारसमल, रतन लाल, श्रवण कुमार अन्य संस्थाओ के पदाधिकारी मौजूद रहे। कर्नाटक प्रान्तीय अध्यक्ष गुलाबराम उठेलिया, युवा अध्यक्ष भुपेंद्र कुमार भदेरा ने सभी संस्थाओं से पधारे सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया और अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ (रजि.) मैं जुड़ने का आह्वान किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मदनलाल रावरिया का सम्मान किया गया । भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ (रजि.)के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर. बी. के. प्रजापति ने कर्नाटक कुलाला कुम्हार समाज से युवा शंकर शेट्टी को कर्नाटक राज्य पोलैटिकल विंग के अध्यक्ष, रमेश कुमार को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया।

बेंगलूरू प्रजापत समाज की दश संस्थाओं के पदाधिकारी रहे मौजूद



## एक नजर...

### परमार्थ चिंतन की उपयोगिता पर बल दिया गया

**दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में आयोजित मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में परमार्थ चिंतन की उपयोगिता पर बल दिया गया**

दैनिक पुष्पांजली टुडे





गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी (संस्थापक एवं संचालक, डीजेजेएस) के अलौकिक मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (डीजेजेएस) द्वारा दिव्य धाम आश्रम, दिल्ली में मासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिए गए जीवन के लिए महत्वपूर्ण अध्यात्म के मार्मिक संदेशों को आत्मसात करने हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए। डीजेजेएस प्रतिनिधियों ने अमूल्य आंतरिक अनुभवों और अध्यात्म से उद्धृत जीवन की शिक्षाओं को सांझा किया। इन विचारों ने प्रत्येक साधक को धर्म एवं नीतिपरायणता के पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। जिस प्रकार से छात्र को किसी शैक्षणिक विषय पर मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए शिक्षक की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार एक पूर्ण गुरु आध्यात्मिक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जो एक शिष्य के लिए उसकी आतंरिक यात्रा में पथप्रदर्शक बनते हैं। वे आंतरिक जाग्रति प्रदान कर शिष्य को जीवन के परम लक्ष्य की ओर अग्रसर करते हैं। संक्षेप में कहें तो एक पूर्ण गुरु केवल श्रेष्ठ विचारों और सिद्धांतों की बड़ी बड़ी बातें नहीं करते, बल्कि उन्हें शिष्य में उतार कर एक परिवर्तनकारी यात्रा के अग्रणी बनते हैं। इन विचारों से श्रद्धालुओं को अपने जीवन में आध्यात्मिकता को अभिन्न अंग के रूप में अपनाने के लिए प्रेरणा मिली। उन्होंने विपत्तियों का सामना करने एवं जीवन में नैतिकता का वरण करने का संकल्प धारण किया। कार्यक्रम का समापन ध्यान साधना और सामूहिक भोज के साथ हुआ।

### दबोह पुलिस ने 110 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगो को किया गिरफ्तार

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन में व लहार अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रविन्द्र बिलवाल के मार्गदर्शन में दबोह पुलिस ने रविवार दिनांक 01/10/2023 को अवैध 110 लीटर कच्ची शराब के साथ दो लोगो को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार आगामी विधानसभा चुनाव शांति पूर्वक कराये जाने हेतु अवैध शराब माफियाओ के विरूध्द एक अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अब दबोह पुलिस भी शराब माफियाओं के खिलाफ एक्शन मूड में आ गयी है।रविवार को दबोह पुलिस ने एक व्यक्ति को 80 लीटर कच्ची शराब के साथ भुजरियाउ मोहल्ले में स्थित स्कूल के पास से तो दूसरे व्यक्ति को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कियामसम्पूर्ण कार्यवाही में कुल 110 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई है जिसकी कीमत 22000 रुपये बताई जा रही है।दोनों व्यक्तियों पर क्रमशः आबकारी एक्ट के तहत 34(2) एवं 34 का प्रकरण दर्ज किया गया।

### पेंशनरों के इलाज के लिए आयुष्मान योजना लागू करें

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली**

**ग्वालियर।** सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर के मंत्री के सी शर्मा ने मध्यप्रदेश शासन से अपेक्षा की गई कि मध्यप्रदेश शासन पेंशनरों को आयुष्मान योजना का लाभ देगा। अभी तक पेंशनरों को आयुष्मान योजना का लाभ नही दिया गया है।बुढ़ापा अपने आप में बीमारी है।इस अवस्था में बच्चेसामान्यतया इलाज का खर्चा बहन करने की स्थिति में नही होते हैं।उनकी अपनी गृहस्थी में बच्चों की पढ़ाई एवं मंहगाई में घर खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है।सामान्य कर्मचारियो की पेंशन भी पर्याप्त नही है।जमा पूंजी पर अव ब्याज भी कम हो गया है। अतएव शासन से यह मांग है कि पेशनरों के लिए भी आयुष्मान योजना लागू की जाए।

### नगर परिषद मोहना में क्षेत्रीय विधायक ने किया रोड़ों का भूमिपूजन

गांधी जयंती के शुभअवसर पर नगर परिषद वासियों को मिली करोड़ों की शौगात



पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक लाखन सिंह यादव के साथ नगर परिषद अध्यक्ष राधाकृष्ण धाकड़ ने वॉर्ड क्रमांक 01 में सहसारी रोड से महुखेडा तक नवीन डम्बर रोड लागत राशि 42 लाख वॉर्ड क्रमांक 15 में हाईवे से बरईपूरा होते हुए विजासेन माता मंदिर तक नवीन डम्बर एवं वॉर्ड क्रमांक 14 में पदमा मामा से कारेदेव कॉलोनी होते हुए हाईवे तक नवीन सीसी रोड लागत राशि 119 लाख वॉर्ड क्रमांक 02 में लोहार हवेली से सहसारी रोड तक नवीन सीसी रोड लागत राशि 35 लाख का भूमि पूजन पूर्व मंत्री वर्तमान विधायक श्री लाखन सिंह यादव एवं नगर अध्यक्ष द्वारा किया गया साथ में नगर उपाध्यक्ष श्रीमती शहनाज डॉ अब्दुल गनी, श्रीमती कला मनफूल आदिवासी पार्षद वॉर्ड 01, श्री अवनीश आदिवासी पार्षद वॉर्ड 15, कु. बबली खान पार्षद वॉर्ड 14, बालकिशन बघेल, डॉ खुर्शीद खान, डॉ शागीर खान, लक्खा सरदार पथरोठा, फौजी सरदार जी बरईपुरा एवं समस्त सम्मानीय वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता गण और नगर की जनता जनार्दन उपस्थित रही।

# साहित्यकार अर्चना अर्पण की पुस्तक का हुआ विमोचन





**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली**

ग्वालियर। स्थानीय बाल भवन में कालजयी रचनाकार अर्चना %अर्पण% बामनगया की पुस्तक काव्य अर्चना÷ का विमोचन एक गरिमामयी समारोह में किया गया। प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना प्रतीक्षा ताम्बे की प्रस्तुति के द्वारा किया गया । तत्पश्चात् मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का शॉल उड़ाकर तथा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। जिसमें गायक कलाकारों द्वारा अर्चना बामनगया के गीत को मधुर स्वर में गाकर उनकी उपस्थिति का अहसास करा दिया।श्रद्धेय अर्चना अर्पण की काव्य स्मृतियों को एवं काव्य जगत में उनके योगदान को की सराहना करते हुए सभी अतिथियों द्वारा उनके संदर्भ में अपने संस्मरण साझा किए गए । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर जी पराडकर उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रेमचंद सृजन पीठ के पूर्व निदेशक आचार्य जगदीश तोमर ने की। इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर आज तक के संपादक पंकज शर्मा तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि पवन आगरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अर्चना अर्पण के वीडियो भी दिखाए गए। जिससे उपस्थित श्रोता पूरी तरह से भावुक हो गए। सभी श्रोता अंतरमन से कार्यक्रम से जुड़ते चले गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर जी ने कहा कि अर्चना अर्पण एक संस्कारित साहित्यकार और कवि होने के साथ ही बहुत अच्छी कार्यकर्ता रहीं। उनको जो भी कार्य दिया गया, उसको पूरे समर्पण के साथ किया। साहित्यकार अपना जीवन जीता है, लेकिन वह जीवन दूसरे के लिए होता है। उन्होंने अर्चना की पुस्तक की एक कविता का उद्धरण देते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में राष्ट्रीयता की झलक का दर्शन होता है। इससे यह पता चलता है कि उनके लेखन में भारत बोध है। कार्यक्रम के अध्यक्ष आचार्य जगदीश तोमर ने कहा, कि अर्चना बामनगया जब पहली बार साहित्यिक जगत में आई तो उनको सुनकर ऐसा बिलकुल नहीं लगा कि यह नई कवयित्री हैं, बल्कि एक अच्छे कवि के रूप में अपने आपको प्रस्तुत किया। उनको देखकर ग्वालियर ही नहीं, बल्कि बाहर के साहित्यकार भी अवाक रह गए। वे यकायक आई और ध्रुव तारे की तरह यकायक विदा हो गईं, लेकिन उनकी चमक अभी भी बरकरार है। सम्मान समारोह में भारत की विभिन्न स्थानों की पांच राष्ट्रीय स्तर की कवियित्रियों को सम्मानित किया गया इनमें नागपुर से वसुंधरा राय, कानपुर से चांदनी पांडे ,दिल्ली से प्रीति त्रिपाठी , उरई प्रिया श्रीवास्तव तथा जयपुर की दीपा सैनी को वर्ष 2023 के काव्य अर्चना सम्मान से विभूषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रामचरण रुचिर ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार प्रकाश मिश्र, रामलखन शर्मा, राजेश शर्मा, डॉ. मुक्ता सिकरवार, आलोक शर्मा, डॉ. वंदना सेन, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ. मंजूलता आर्य, आरती श्रीवास्तव, साहित्य सभा के मंत्री धीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**अर्चना जी गीतों की स्वर देगी पीयूष ताम्बे की टीम**–कार्यक्रम में संगीतमय गीतों की प्रस्तुति देने वाली पीयूष ताम्बे की टीम ने श्रोताओं के समक्ष कहा कि अर्चना अर्पण के सभी गीत गाने लायक हैं। इसलिए हमारी टीम ने तय किया है कि उनके सभी गीतों को स्वर प्रदान किया जाए। आगे हमारा यही कार्यक्रम होगा कि हमारी टीम अर्चना के गीतों को स्वर दिया जाए।

# निमली दीवास महिला में एवं पाली रॉयल कोठारिस पुरूषों के टीम ने जीता खिताब

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू ।** काँठा प्रान्त विजयनगर मंडल और ब्लीड ब्लू क्लब के तत्वाधान में आयोजित कांठा प्रांत बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन-1 केपीवीएम. कप 2023 प्रतियोगिता का आयोजन जीटी वर्ल्ड मॉल के रश एरिना मैदान में किया गया, जिसमे जोश और जुनून से भरी 12 पुरूष टीमें एवम काँठाप्रान्त के इतिहास में पहली बार उत्साह और उमंग से भरी 6 महिला टीमों के खिलाड़ियों के बीच मुकाबला हुआ। इस प्रतियोगिता में महिलाओं में रजनी पितलिया की निमली दिवास टीम विजेता एवम अनीता सिंघवी की लांबिया क्वींस उपविजेता रही एवम पुरुषों में स्व. बाबुलाल स्व. कांतादेवी कोठारी की पाली रॉयल कोठारीस विजेता एवम सोहन लाल जी गुगलिया की वासनी सिल्वर किंग्स उपविजेता रही। बेस्ट बैट्समैन चेतन गुगलिया, बेस्ट बॉलर किशोर सेहलोत एवम प्लेयर ऑफ द सीरीज सुजल खिंवेसरा रहे। महिलाओं में बेस्ट बॉलर एवम वूमेन ऑफ द सीरीज राखी चानोदिया एवम बेस्ट बेट्समैन वर्षा कटारिया रही। हिट ए सिक्स ऑन बैनर एंड ग्रैब सिल्वर कॉइन के प्रायोजक स्व. शा अमोलकचंद सुरेंद्र कुमार सावन कुमार गूँदेचा ने मिलन कटारिया, दलपथ जैन, सुजल खीवेसरा, हर्ष गांधी, हेमन्थ गांधी, जितेश तपरावत, आशीष गुग़लिया, कमल कटारिया एवं आशुतोष टपरावत को चाँदी के सिक्के से पुरस्कृत किया। ये जानकारी स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन श्री मोहन जी कटारिया ने दी। खचाखच भरे दर्शक दीर्घा के बीच दो कोर्ट में चली इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दीक्षिता कटारिया एवम टीम के नवकार महामंत्र के जाप के बाद, अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मुख्य अथिति के रूप मे उत्तम कोठारी, सुरेश भंडारी एवम सुभाष खिवेसरा उपस्थित रहे। अपनी व्यस्थता के बावजूद महेन्द्र मुनोत भी कार्यक्रम में सम्मीलित हुए। कांटा प्रान्त के गणमान्य व्यक्ति मदन जी गांधी, अशोक कटारिया, धर्मीचंद डंक, अमरचंद गुंदेचा की उपस्थिति सराहनीय रही।



इस अवसर पर उत्तम कोठारी, अमरचंद गुंदेचा, चेतन खिंवेसरा, सुरेन्द्र गुंदेचा, पदम खिंवेसरा, रित्विक कोठारी, सीमा गुगलिया, सारिका गुंदेचा, पूजा गुगालिया ने अपने विचार व्यक्त किए। सारे मैचों की लाइव कमेंट्री बहुत ही सुंदर तरीके से मनसुख गांधी ने मारवाड़ी में एवम श्री अरविंद जी टपरावत ने हिंदी में की। प्रायोजकों एवम टीम ओनर्स के साथ कांठ प्रांत के 32 कर्मठ कार्यकर्ताओं के सम्पूर्ण सहयोग से ये कार्यक्रम सफल रहा। धन्यवाद ज्ञापन मोहन जी कटारिया ने किया। कार्यक्रम का संचालन विमल खिंवेसरा ने किया।

## पुलिस कप्तान द्वारा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक ली गई

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

**जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से ली गई बैठक, बैठक में लिए गये निर्णयों पर पदाधिकारियों की रही सहमति, लोक परिवहन (बसों) को प्रतिमाह करवाना होगी मैकेनिकल जांच**



**खरगोन।** जिले में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उनमे कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तरुणेंद्र बघेल, एसडीएम खरगोन श्री भास्कर गाचले, एसडीओपी खरगोन श्री रोहित लखारे, थाना प्रभारी कोतवाली श्री बीएल मंडलोई, यातायात थाना एवं आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि लोक परिवहन में उपयोग आने वाली बसों के चालक- परिचालक का भौतिक सत्यापन आवश्यक है तथा चालक का स्वास्थ्य परीक्षण भी जरूरी है। चालक-परिचालक निर्धारित वर्दी धारण किये हो। लोक परिवहन को निर्धारित गति से ज्यादा गति में न चालाये, बस में मेडिकल किट रखना सुनिश्चित करे। किराया सूची के अलावा पुलिस कंट्रोल रूम का मोबाइल नम्बर 7049131559 बस में चस्पा करे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक माह बस की मेकेनिकल जांच करवाकर आरटीओ कार्यालय जमा करवाई जावे। उक्त सभी निर्णय पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारीयो द्वारा अपनी सहमति की गई।

# संस्कार व कर्तव्यबोध से होगा भारत का स्वर्णिम भविष्य

**महेन्द्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली**

ग्वालियर। भारत का भविष्य बनाने से पहले खुद का भविष्य बनाएं। बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें, क्योंकि संस्कार के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है। सिर्फ बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देने वाले माता-पिता आज करोड़ों के मकान में एकाकी जीवन जीने को मजबूर हैं और उनके बच्चे विदेश में लाखों रुपए कमाने में व्यस्त हैं। यही नहीं पढ़ लिखकर नौकरी

### तीन दिवसीय ज्ञान प्रबोधनी व्याख्यानमाला का दूसरा दिन

हासिल करने वाले कई लोग समाज व देश हित की चिंता न कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। भारत के स्वर्णिम भविष्य के लिए संस्कार और कर्तव्यबोध का होना बहुत जरूरी है।

यह बात कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति बल्देव भाई शर्मा ने नई सडड़ स्थित राष्ट्रोत्थान न्यास भवन के तराणेकर सभागार में आयोजित ज्ञान प्रबोधनी व्याख्यानमाला के दूसरे दिन मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजाक्स के प्रांत अध्यक्ष मुकेश मौर्य ने की। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र बांदिल भी मंचासीन रहे। राष्ट्रोत्थान न्यास ग्वालियर के तत्वावधान में भविष्य का भारत विषय पर व्याख्यान देते हुए मुख्य वक्ता बल्देव भाई ने कहा कि बच्चों को सिर्फ पढ़ाएं ही नहीं उन्हें अच्छा इंसान भी बनाएं। बच्चों को यातायात नियमों का पालन, दूसरे की बेटियों पर कुदृष्टि न डालें, सभी




के प्रति अच्छा व्यवहार करने की सीख दें। संविधान में भी लोगों के कर्तव्य बताए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत को आशा भरी नजरों से देख रही है। यह भारत का पुनरोत्थान का काल है। भारतीयों के जागरूक होने से ही विश्व में खुशहाली और शांति संभव है। इसका एक उदाहरण कोरोना महामारी का दौर भी है। इस दौरान भारत ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना से अन्य देशों का भी सहयोग किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति का उद्देश्य विश्व की आर्थिक शक्ति बनना नहीं बल्कि दैवीय शक्ति हासिल करना है। भारतीय पूरी धरती को अपनी मां समझता है। हमारे खिलाड़ी जब चीन में कबड्डी खेलने जाते हैं तो वहां की धरती को प्रणाम करके ही विरोधी खिलाडिड़ों को चुनौती देने जाता है। मुख्य वक्ता ने भगवान श्रीराम एवं भरत का उदाहरण देते हुए कहा कि हम अपनी मांगों के प्रति ही सचेत न रहें बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का भी निर्वहन करें। कार्यक्रम के प्रारंभ में राष्ट्रोत्थान न्यास की गतिविधियों की जानकारी श्याम प्रजापति ने दी। व्यक्तिगत गीत नरेन्द्र कौरव ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन सुश्री पारुल बांदिल द्वारा प्रस्तुत वंदेमातरम गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन लोकेन्द्र भदौरिया एवं आभार डॉ.कुमार संजीव ने व्यक्त किया।

### गुलामी की मानसिकता से उबरें

मुख्य वक्ता बल्देव भाई ने कहा कि भारत का इतिहास स्वर्णिम रहा है। हमारे देश की सीमाएं अफगानिस्तान तक थीं। इसके बाद भी कुछ लोग सोचते हैं कि हम तो वर्षों तक गुलाम रहे हैं। आज हमें अपनी गुलामी की मानसिकता से उबरने की जरूरत है। साथ ही सम्यक भाव से एकजुटता की जरूरत है। तभी भारत का भविष्य उज्जवल होगा।

### दुनिया में भारत सर्वोच्च शिखर की ओर:मौर्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुकेश मौर्य ने कहा कि भारत आज विश्व में सर्वोच्च शिखर की ओर अग्रसर है। भारत में हर क्षेत्र में चहुंमुखी विकास हो रहा है। हाल ही में चन्द्रयान के सफल प्रक्षेपण से भी भारत का दुनिया में मान बढ़ा है। आर्थिक क्षेत्र में भी स्थिरता आ रही है।

### आज प्रेरणापुंज जीजाबाई पर होगा व्याख्यान

राष्ट्रोत्थान न्यास के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र बांदिल ने बताया कि दो अक्टूबर को सायं 5ः30 बजे नई सडड़ स्थित राष्ट्रोत्थान न्यास के तराणेकर सभागार में प्रेरणापुंज जीजाबाई विषय पर व्याख्यान होगा। मुख्य वक्ता राष्ट्रसेविका समिति पश्चिम बंगाल की बौद्धिक प्रमुख मैत्रेयी शिरोलकर होंगी। उन्होंने प्रबुद्ध लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478